भीलवाड़ा,शनिवार,16,नवम्बर, 2024

RNI NO. RAJHIN/2016/74127

# नमस्ते राजस्थान

वर्ष : 09, अंक: 19 | E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com | भीलवाड़ा संस्करण | पृष्ठ 08 मूल्य 4 रुपए | हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र | मो. 9214417111, 8005910698



## जनजातीय गौरव दिवस

# प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 6640 करोड़ रु. से ज्यादा की दी सौगात

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन

नमस्ते राजस्थान

**भीलवाड़ा** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिला स्तरीय ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्न समारोह का आयोजन नगर निगम सभागार, भीलवाड़ा में किया गया। जनजातीय गौरव दिवस समारोह में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बिहार के जमुई जिले के दौरे रहें। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण, नगर निगम सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय समारोह में जिला कलक्टर नमित मेहता, विधायक अशोक कोठारी, महापौर राकेश पाठक, सीईओ जिला परिषद चंद्रभान सिंह भाटी, आईएएस भरत मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और लाभार्थी मौजूद रहें। जिला स्तरीय कार्यक्रम में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृति पत्र लाभार्थियों को दिए गए।

पीएम श्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट का अनावरण भी किया। उन्होंने कहा है कि भगवान बिरसा मुंडा जी ने मातृभूमि की आन-बान और शान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनकी जन्म-जयंती ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्न के पावन अवसर पर उन्हें मेरा कोटि-कोटि नमन।

### प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आजीविका सृजन पर केंद्रित 6640 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया।

गृह प्रवेश समारोहः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत बनाए गए 11,000 घरों के गृह प्रवेश में भाग लिया, जिससे जनजातीय परिवारों को गरिमा और सुरक्षा का एहसास होगा। स्वास्थ्य सेवा पहलः पीएम-जनमन के तहत 23 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के तहत 30 अतिरिक्त एमएमयू का शुभारंभ, दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को बढ़ाएगा। शैक्षिक सशक्तिकरणः 10 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों और 300 वन धन विकास केंद्रों (वीडीवीके) का उद्घाटन, जो उद्यमिता को बढ़ावा देने और आजीविका में सुधार के उद्देश्य से हैं। जनजातीय धरोहर संरक्षणः प्रधानमंत्री ने दो जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों और दो जनजातीय अनुसंधान संस्थानों का उद्घाटन किया, जो भारत के जनजातीय समुदायों के समृद्ध इतिहास को प्रलेखित और संरक्षित करेंगे।














### बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटीः

*पीएम-जनमन के तहत 500 किलोमीटर नई सड़कों और 100 बहुउद्देशीय केंद्रों (एमपीसी) के शिलान्यास किया। जनजातीय क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा और ये सामुदायिक हब के रूप में कार्य करेगा।*

### आवास और बुनियादी ढांचे का विस्तारः

*प्रधानमंत्री पीएम-जनमन के तहत 25,000 नए घरों और डीएजेजीयूए के तहत 1.16 लाख घरों के साथ-साथ पीएम-जनमन के तहत 66 छात्रावासों और डीएजेजीयूए के तहत 304 छात्रावासों की आधारशिला भी रखी, जो जनजातीय छात्रों और परिवारों के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करेंगे।*

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

*2 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के हजारीबाग में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की थी। 79,156 करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ, इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का मकसद करीब 63,843 आदिवासी गांवों में सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका विकास की राह आसान बनाना है। यह अभियान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में फैले 549 जिलों और 2,911 ब्लॉकों में, 5.38 करोड़ से अधिक आदिवासी लोगों को लाभान्वित करता है। इसके जरिए भारत सरकार के 17 मंत्रालयों और विभागों में 25 हस्तक्षेपों को एकीकृत किया गया।*

## महिला पुलिसकर्मी ने युवक को थप्पड़ जड़ाः


# कैलाश खेर के कॉन्सर्ट में धक्का-मुक्की ;अरढ के गनमैन की पिस्टल और कारतूस चोरी

नमस्ते राजस्थान

**अजमेर** इंटरनेशनल पुष्कर फेयर में बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर के कॉन्सर्ट के दौरान दर्शकों में बैठे युवक को महिला पुलिसकर्मी ने दो थप्पड़ जड़ दिए। इसका वीडियो सामने आया है। पुष्कर मेला मैदान में गुरुवार रात हुए कॉन्सर्ट में बड़ी संख्या में देश-विदेश से सैलानी पहुंचे थे। भीड़ के कारण धक्का-मुक्की भी हो गई। लोगों को काबू करने के लिए वहां तैनात पुलिसकर्मियों को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। भीड़-भाड़ के बीच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के गनमैन की पिस्टल और कारतूस चोरी हो गए। चोर का अब तक पता नहीं चला है। वहीं, शुक्रवार को पूर्णिमा महास्नान के साथ पुष्कर मेले का समापन हो गया।

### लोगों का आरोप- पुलिसकर्मियों ने बिना पास दिलाई एंट्री

बॉलीवुड नाइट को लेकर प्रशासन ने वीआईपी और वीवीआईपी पास जारी किए थे। इस दौरान एंट्री गेट पर जमकर धक्का-मुक्की देखने को मिली। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हल्का प्रयोग भी किया। पास के बाद भी लोग लंबे समय तक मेला मैदान के बाहर इंतजार करते रहे। लोगों का आरोप था कि पुलिसकर्मियों ने अपने परिचितों को बिना पास के दीवार कूदवा कर एंट्री दिलाई थी। कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मी के एक व्यक्ति को थप्पड़ जड़ने के बारे में एडिशनल एसपी दीपक शर्मा और पुष्कर थाना प्रभारी घनश्याम भाटी से पूछा तो कोई जवाब नहीं दिया।



### वीआईपी गेट से एंट्री के दौरान चोरी

अजमेर रेंज कार्यालय में तैनात अरढ (सतर्कता) विजय सांखला के गनमैन (कॉन्स्टेबल) कचवाडा-दूदू निवासी सुरेश देवंदा (31) पुत्र छोटू राम जाट ने पुष्कर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया- 14 नवंबर की रात करीब 8:30 बजे पीएसओ ड्यूटी के साथ पुष्कर मेला मैदान के वीआईपी गेट से प्रवेश कर रहे थे। भीड़-भाड़ के कारण धक्का-मुक्की हो रही थी। इस बीच पिस्टल 9 एमएम बट नंबर 271 बॉडी नंबर 18865229 और मैगजीन के 10 कारतूस किसी ने चुरा लिए। मैदान में अंदर जाने के करीब 15 मिनट बाद चोरी का पता चला।

### राजस्थान की धूल में परमात्मा का कणः कैलाश

कॉन्सर्ट से पहले कैलाश खेर ने कहा- राजस्थान की धूल में पराक्रम का रक्त है। यहां की धूल में भी परमात्मा का कण है। राजस्थान की भूमि पर परमात्मा अपनी खास दृष्टि रखता है कि मेरा बालक यहां क्या कर रहा है?

### पूर्णिमा महास्नान पर पहुंचे सोनू निगम

पुष्कर मेले का पूर्णिमा महास्नान के साथ आज समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने स्नान करने के बाद पूजा-अर्चना की और पुरोहितों को दान-दक्षिणा दी। ब्रह्मा मंदिर के दर्शन के लिए भी श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। मेले में आज बॉलीवुड सिंगर सोनू निगम भी पहुंचे। उन्होंने पुष्कर सरोवर के सप्त ऋषि घाट पर पूजा-अर्चना की। इसके बाद सोनू ने ब्रह्मा मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

### गुरु नानक जयंती का 555 वा प्रकाश पर्व भीलवाड़ा में धूमधाम से बनाया गया



नमस्ते राजस्थान

**भीलवाड़ा** । गुरु नानक जयंती का 555 वा प्रकाश पर्व भीलवाड़ा में धूमधाम से बनाया गया शहर में स्थित गुरुद्वारा में जाकर लोगों ने माथा टेका इस मौके पर भीलवाड़ा की आम जनता ने सुख शांति समृद्धि की अर्चना की गुरुद्वारा समिति ने आए श्रद्धालुओं के लिए लंगर भी लगाया जहां आए हुवे श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया। इस मौके पर जिला कलेक्टर नमित मेहता, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, विधायक अशोक कोठारी समेत कई प्रशासनिक अधिकारियों ओर नेताओं ने गुरुद्वारे में माथा टेका। पुरुषों और महिलाओं ने गीत संगीत के माध्यम से 555 वा महा पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया । गुरुद्वारा समिति सचिव ऋषिपाल ने कहा कि गुरु नानक जयंती के 555 वा प्रकाश पर्व के अवसर पर शाम को आतिशबाजी समेत दीप दान किया गया जायेगा शाम के समय स्पेशल प्रसाद वितरण किया जाएगा वहीं प्रतिभावों का सम्मान भी किया जाएगा।

### जिला अल्पसंख्यक अधिकारी के पद पर कार्यरत व्याख्याता के निलंबन आदेश पर अधिकरण ने लगाई रोक



नमस्ते राजस्थान

**रामगढ़** निवासी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यरत व्याख्याता अकबर खान के निलंबन आदेश पर राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण (रेट) ने रोक लगा दी है तथा स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक, जिला कलेक्टर करौली को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता अकबर खान के अधिवक्ता संदीप कलवानिया ने बताया कि प्रार्थी वर्तमान में अल्पसंख्यक विभाग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर करौली में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यरत है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक ने 6 नवंबर को आदेश जारी कर प्रार्थी को निलबिंत कर दिया और निलबंन आदेश की पालना में प्रार्थी का मुख्यालय शिक्षा निदेशालय बीकानेर कर दिया था। उन्होंने बताया कि विभाग ने प्रार्थी को नियम विरुद्ध निलंबित किया है। जबकि प्रार्थी की सेवाएं संतोषप्रद है। इसके बावजूद भी प्रार्थी को नियमों के विपरीत जाकर निलबिंत किया गया है लिहाजा निलंबन आदेश पर रोक लगाई जाए। इस पर अधिकरण के अध्यक्ष विकास सीताराम भाले एवं सदस्य शुचि शर्मा की बेंच ने प्रार्थी के 6 नवंबर के निलबंन आदेश पर रोक लगाकर राहत दी है। अकबर खान को अलवर के रामगढ़ में विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी के प्रचार करने पर निलंबित किया गया था।

### कार्तिक पूर्णिमा पर देवनारायण भगवान के लगाया दाल ढोकले का भोग



नमस्ते राजस्थान

**गुरलाः-** ( बद्री लाल माली )नेशनल हाईवे 758गुरला स्थित सोपुरा रोड़ पर देवनारायण भगवान के कार्तिक पूर्णिमा पर पर भक्तों ने दाल ढोकले का भोग लगाया सर्दी भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया सर्दी की दस्तक के साथ ही घरों में दाल ढोकले मक्के की रोटी मिर्ची की चटनी छाछ व घाट आदि व्यंजनों की खुशबू घरों से आने वाली ईसी दोरान शुक्रवार कार्तिक पूर्णिमा पर गुरला में देवनारायण भगवान को दाल ढोकला का भोग लगाया गया । गुरल संवाददाता बद्री लाल माली ने बताया कि पिछले दिनों से सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दी, जिसको देखते हुए देवनारायण को आज कार्तिक पूर्णिमा पर दाल ढोकला व तिल्ली के तेल का भोग लगाया गया` देवनारायण से क्षेत्र में खुशहाली की कामना की`

# बरसात नही होने से नालों पर अतिक्रमण करवा देंगे पालिका अधिकारी व पालिकाध्यक्ष दोनो मिलकर करोडों की भूमि कुछ रुपए मे दे देंगे

## अधिकारी व भूमाफियाओ की साठगांठ से होगी बडी जनहानी नालो पर से कब्जा हटाने की जगह करवाया जा रहा है अतिक्रमण

## करोडों रुपए की जमीन पर कब्जा कर लिया है सेठ लोगो ने अगर अतिक्रमण नही हटाया तो होगी जनहानी

**नमस्ते राजस्थान**

**शिवगंज** शहर के रिको से पहलें व पुराने नेशनल हाईवे नम्बर 14 पर स्थित बजुरिया गौशाला के पास व खन्ना टावर्स व आशापूर्णा टाउनशिप कोलोनी के पास मे होकर एक बहुत पुराना नाला उस पर कुछ सेंठ लोंगो ने कब्जा कर दिया जो बरसाती नाला राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार 18 फीट छोड़ा है उसको इन्होंने अब एक फिट भी नहीं रखा उस पर मिट्टी डालकर उसे बंद कर दिया वहां पर कोलोनी प्लाट काटकर बेचने के प्रयास में शहर के कुछ सैठ लोगो व भुमाफियाओ क्योंकि यह नहीं चाहते की शहर का बारिश का पानी सही तरीके से शहर से बहार चला जाए विनासकारी विप्र जोन तुफान मे बारिश में जो तूफान आया था उस तूफान में जितना नुकसान इस तरह के पानी की वजह से हुआ था उस वक्त पर ही आज लोगों ने कब्जा कर उसे बंद कर दिया जैसे ही शहर में जमीनों के भाव आसमान में बढने लगे तब जाकर लोगों ने कब्जा करना चालू कर दिया यह बरसाती नालों का पानी गौशाला के पास होकर आगे की तरफ जाता था कुछ सेठ लोगों ने मिलकर इसे बंद कर दिया गया क्योंकि पालिका व राजस्व प्रशासन को तो पता चलता ही नहीं की शहर में क्या हो रहा है क्या चल रही है नालों की सफाई के नाम पर लाखों रुपए खर्च किया जा रहा है वह तो सिर्फ नाम की सफाई हो रही है यह लोग करते ही नहीं सफाई तो होगा नाम है सिर्फ इनको धन चाहिए जेसीबी सफाई पर लगती नहीं पैसा उठ जाता है पहले भी यही हुआ है लाखों घंटा की बिल बन गया पर एक घंटा भी नहीं चली बिना काम नहीं किया क्योंकि यह लोग कभी यह नहीं चाहेंगे शहर में विनाश ना हो बारिश के बाद शहर में विनाश काल चालू हो जाता है पीछे का दबाव रहता है पानी का आगे जाने के लिए रास्ता नहीं होगा वहां पर निवास करने वाले लोगों को ही परेशानी होगी यह नाला कुंदन नगर होते हुए आगे केसरपुरा से पहले कामबेश्वरजी की तरफ से आता है पर इस पर लोगों ने कब्जा कर दिया पहले तो इस नाले को डिग्गी नाडी तक पहुंचने नहीं दिया जाता है वहां पर ही लोगों ने कब्जा कर दिया पक्का निर्माण हो गया नाला ढक दिया आगे कैसे पहुंचेगा यह नाला क्योंकि डिग्गी नाडी से बाहर आने का पानी जो है उस पर तो लोगों ने कब्जा कर दिया उसे छोटा करके छोड़ दिया फिर आगे कब्जा की वजह से वह बड़े-बड़े झाड़ियां लगी हुई है उस नाले की सफाई नहीं होने से वहां पर बड़ा खतरा बना रहता है फिर आगे जाने के लिए रिको से पहले वहां से सीधा वृंदावन के पास जो जमीन पड़ी है वह नाला सरकारी जमीन है उसके अंदर होकर वह आगे की तरफ सीधा नाला निकलता है उस पर अभी कुछ लोगों ने कब्जा कर दिया हो सकता है जमीन बिक्री हो गई होगी जमीन क्योंकि नाला बंद कर दिया गया करोडों रुपए जमीनों के भाव हो गए हैं करोड़ों कमाने के चक्कर में लोगों ने यह नाले पर कब्जा कर दिया वह आगे नाडीओ को भी खत्म कर दी इन लोगों ने बड़ी-बड़ी कॉलोनी काटी गई है नालों के बीच में फिर पानी कहां जाएगा विनाश नहीं पहुंचेएगा तो क्या करेगा पानी क्योंकि जनता ही नहीं चाहती कि हम सही तरीके से जिए वह रहे क्योंकि इनको तो यही पता है की पानी तो पानी के रास्ते जाता है पर इन लोगों को पता है कि अगर जमीनों पर कब्जा करके नहीं बेचेंगे तो पैसा कहां से आएगा इन लोगों ने कब्जा करके उसे बेच दिया गया होगो.-बड़े मकान बन गए नाले के ऊपर कौन इन अतिक्रमण को हटाएगा और नाला सुचारू रूप से चलेगा ऐसे तो पालिका प्रशासन नाले के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए वह खाली अपने जेब भरने के लिए खर्च किए है काम एक परसेंट भी नहीं हुआ सिर्फ दिखावा किया जब भी बारिश का पानी ज्यादा आता है तब अधिकारी और कर्मचारी इधर-उधर वाली बात करते हैं पर काम करते नहीं है इसलिए लोगों की दुर्दशा होती है फ्री में आश्रय स्थल या धर्मशाला में भेज कर उसे पानी को आगे भेजने के लिए दूसरा रास्ता बनाया जाता है यह नाला ने इस बार गौशाला गौ माता को खूब नुकसान किया था अगर यह नाला सही होता तो इसका पानी आगे जाता तो गौशाला में एक परसेंट पानी नहीं आता पर नाला नहीं बनने की वजह से वह आगे रुका हुआ नहीं होने की वजह से यह पानी सीधा ही गौशाला के अंदर चला गया वहां पर सैकड़ो गौ माता मर गई वह बड़े हादसे हो गए इस बार तो बारिश से पहले इस नाले को खुला करवाया बड़े-बड़े अतिक्रमणों को हटाया जाए तब जाकर यह नाले से होगा और पानी आगे का आगे जाएगा वह नुकसान नहीं करेगा पर यह लोग नहीं चाएंगे की नुकसान ना हो क्योंकि उन्होंने कब्जा कर रखा है नालों पर तो पानी जाने का रास्ता ही बंद कर दिया है तो विनाश होगा विकास कहां से होगा इनका कहना है कि


## गौशाला मे सैकडों गाय मर जाएँगी बारिश मे नाले पर से अतिक्रमण नही हटाया गया तो राजस्व रिकार्ड के अनुसार नाला अठारह फिट है राजस्व रिकार्ड के अनुसार रखना चाहिए







## शहर के धन्ना सैठो ने कब्जा कर लिया है नालों की जमीन पर अतिक्रमण हटाया जाएंगा








शिवगंज नगर पालिका क्षेत्र व पेरा फेरी में जितने भी नाले बने हुए हैं उन पर से जितने हुए अतिक्रमण को हटाकर इन नालों को सुचारू रूप से चलाया जाए वैसे ही एक रिको के पास होकर गौशाला व वृंदावन हाइट के बीच होकर जाने वाले नाले पर कुछ सेठ लोगों ने कब्जा कर दिया और उस नाले को बिल्कुल बंद कर दिया है अगर बारिश से पहले इस नाले को खुला नहीं करवाया गया तो बड़ा हादसा होगा वह जनहानी होगी जिसकी तमाम जिम्मेदारी तमाम प्रशासन की रहेगी क्योंकि पानी का बहाव तो तेज होता है प्रशासन नहीं समझेंगे यह क्या हो रहा है उनको तो खाली जमीन चाहिए और जमीन पर कब्जा करना आता है तुरंत ही अतिक्रमण हटाकर आम जनता को राहत पहुंचावे बारिश नही होने से नाले पर अतिक्रमण करवा देंगे पालिका अधिकारी व पालिकाध्यक्ष दोनो मिलकर करोडों की भूमि को फोगट मे दे देंगे कब कारवाई होगी या भष्ट्राचार उजागर होगा शिवगंज शहर की जनता को न्याय मिलेगा अन्यथा यहाँ की जनतांत्रिक को आगे आना पडेगा

जैसाराम माली अध्यक्ष जवाई पर्यावरण एवं वन विकास समिति शिवगंज

शिवगंज शहर कै केसरपुरा रीको से पहले एक बड़ा नाला निकलता है बारिश के वक्त यह नाला की सफाई नही होने की वजह से लोग गाड़ियां लेकर नहीं चल सकते और अब इस नाले पर कुछ सेठ लोगों ने कब्जा कर लिया है इसलिए आगे बारिश में बड़ी समस्या होगी गौशाला के पास यह नाला होने से इस बारिश का पानी गौशाला के अंदर जाएगा जिससे गौ माता को परेशानी होगी उससे पहले नालों को सफाई करवा कर इसका पानी को सुचारु रूप से चलाया जाए तो आगे कोई जनहानी न हो और नाला सही रूप से चल सके भविष्य में बड़ी जनहानी ना हो

**कमल सिंह चौहान उद्यमी व गौरक्षक शिवगंज**

शिवगंज शहर के कामबेश्वरजी महादेव की तरफ से बडगॉव केसरपुरा होकर गणेश नगर कब्रिस्तान बजुरिया होकर आने वाले नाले पर पक्का निर्माण कर दिया कोलोनी काटी गई पेट्रोल पंप वालो ने पक्का निर्माण कर दिया आगे भी लोग अतिक्रमण कर रहे हैं फिर बजुरिया गौशाला के पास होकर यह नाला करीब 18 फिट छोडा है ईस पर अतिक्रमण करना मतलब लाखों फिट जमीन पर कब्जा करवाकर करोडों रुपए कमाने का प्लान बना दिया है मास्टर प्लान के विपरीत प्लान स्वीकृत करवाकर उल्टा सीधा कार्य करने मे आगे रहते है पालिका प्रशासन के अधिकारी व राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को चेटिग कर अपना उललु सिधा करके करोडों रुपए कमाई कर देंगे कभी शहर को नालो की वजह से बडा नुकसान होंगा

**सीमा देवी माली पार्षद नगर पालिका शिवगंज**

---

### भारतीय सेना के जवान को पुलिस ने पीटा:

# ओरण परिक्रमा के दौरान हुआ विवाद; एसपी बोले महिला पुलिसकर्मी से की थी धक्का-मुक्की

**नमस्ते राजस्थान**

**बीकानेर** बीकानेर के देशनोक में भारतीय सेना के जवान के साथ पुलिस ने मारपीट की। सिर पर डंडों से जमकर वार किया। पुलिस ने जवान को गिरफ्तार किया है। ओरण परिक्रमा के दौरान जवान का पुलिस से विवाद हो गया था। जिस जवान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वो 25 सितंबर को अनंतनाग में शहीद हुए जवान रामस्वरूप कस्वां के बड़े भाई हैं। रामस्वरूप कस्वां को शहीद का दर्जा दिलवाने के लिए करीब 2 महीने पहले बीकानेर में हाईवे जाम किया गया था। सेना के जवान से मारपीट मामले में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के



संयोजक हनुमान बेनीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सीएम भजनलाल शर्मा से पुलिस के कृत्य पर संज्ञान लेने की मांग की।

**पुलिसकर्मी के साथ की मारपीट**

देशनोक थानाधिकारी सुमन शेखावत ने बताया- जवान श्रीराम कस्वां गुरुवार शाम को करणी माता की ओरण यात्रा कर रहा था। जेगला फांटे पर ओरण परिक्रमा की यातायात व्यवस्था की जा रही थी। इस दौरान जवान पुलिस से उलझ गया और यातायात व्यवस्था में सहयोग नहीं किया। उन्होंने बताया- जवान अपनी गाड़ी नो एंट्री में ले जाना चाहता था, जिसे रोकने पर उसने एक पुलिसकर्मी विजयपाल के साथ मारपीट की। साथ ही महिला पुलिसकर्मी से धक्का-मुक्की की। इस दौरान उसके भी सिर में चोट लगी। जवान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। वहीं जवान श्रीराम कस्वां ने भी शिकायत दी है, जिसकी जांच की जा रही है।

**बेनीवाल की पुलिस के कृत्य पर संज्ञान लेने की मांग**

मामले में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा- देशनोक पुलिस ने श्रीराम के साथ मारपीट की। उसका सिर फोड़ दिया। बेनीवाल ने लिखा- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी, बीकानेर जिले की पुलिस के कृत्य पर संज्ञान लीजिए। विगत दिनों शहीद हुए बीकानेर जिले के नोखा क्षेत्र के जवान रामस्वरूप जी कस्वां के भाई और भारतीय सेना के एक जवान श्रीराम के साथ देशनोक में पुलिस ने बेवजह मारपीट की है और डंडे से सिर फोड़ दिया। मामले में एफआईआर दर्ज करवाने के लिए सेना का जवान देशनोक थाने में बैठा है, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। मामले में तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज करके दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

---

### जयपुर में बदमाशों को पकड़ने निकले कॉन्स्टेबल की मौत:

# हाईवे पर कार ने बाइक को टक्कर मारी, एक पुलिसकर्मी की हालत गंभीर

**नमस्ते राजस्थान**

**जयपुर** जयपुर-दिल्ली हाईवे पर देर रात कार और बाइक की टक्कर में दो कॉन्स्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गए। एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। दोनों ड्यूटी पर थे और बदमाशों को पकड़ने जा रहे थे। एक्सीडेंट जयपुर में 14 नंबर के पास हर्ष होटल के सामने हुए। दुर्घटना थाने के जांच अधिकारी राम नरेश ने बताया कि उन्हें रात करीब 1 बजे हादसे की जानकारी मिली थी। दोनों को मणिपाल हॉस्पिटल पहुंचाया गया था। दरअसल, खाटूश्याम दर्शन करने जा रहे एक व्यक्ति ने फोन पर पुलिस को हादसे की जानकारी दी थी। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद मुकेश कस्वां (36) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, जीतराम (32)



का इलाज किया जा रहा है।

**कार ने टक्कर मारी**

जांच अधिकारी राम नरेश ने बताया कि अज्ञात कार ने दोनों कॉन्स्टेबल की बाइक को पीछे से टक्कर मारी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। कार के बारे में कोई भी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई हैं। वहीं, हरमाड़ा थाने के इंस्पेक्टर भरत महर ने बताया कि बदमाशों (वारंटियों) को लेकर अभियान चल रहा था। इसे लेकर दोनों पिछले कुछ दिनों से काम कर रहे थे। उन्हें दो बदमाशों (वारंटियों) के बारे में जानकारी मिली थी, इसलिए वे रात में निकले थे। मुकेश कस्वां सीकर के रामगढ़ स्थित रूकनसर गांव के रहने वाले थे।

# प्रदूषण विभाग व एनजीटी की स्वीकृति है तो धन के बल पर दी होगी वैरा जैतपुरा गाँव के पास स्वीकृत औद्योगिक प्रयोजनार्थ ईकाई पर रोक लगाने की माँग की सरपंच ने


## सुमेरपुर पालिका की अंधे पन से अवैध कृषि आधारित उद्योगों के नाम गावों में हो रहा फैक्ट्रीओ के निर्माण रोका जाएँ

**इन फैक्ट्रीओ से फैलने वाले प्रदूषण धुएँ व केमिकल्स युक्त गंदा पानी से लोगों के जीवन खतरे मे कोन कारवाई करेंगा**


## फैक्ट्रीओ से निकलने वाले केमिकल्स युक्त गंदा पानी से आसपास की जमीने खराब होगी व केमिकल पानी पीकर सैकडों गाय व बछडे नंदी मरेगे

## वैरा जैतपुरा सरपंच व ग्रामीणों ने आदोलन करने की धमकी


**शिवगंज सिरोही** की शरद से 100 मीटर दूर फैक्ट्रीया लग रही है बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां जिस पंचायत में यह फैक्ट्री हो रही है वह पैराफेरी सुमेरपुर नगर पालिका के अधीन है पर 100 फिट पर वैरा जैतपुरा की पंचायत है और वेरा जेतपुरा के अधीन सभी मकानों की लगती सीमा के अंदर यह फैक्ट्री बन रही है जो लोगों के जीवन खतरे का डर बना हुआ है क्योंकि यह फैक्ट्री जहाँ बनेगी इससे प्रदूषण पहले तो मरेंगे तो गाव वेरा जैतपुरा वाले ही जिसकी स्वीकृति से यह फैक्ट्री हुई है वह पालडी जोड वहां से 8 किलोमीटर दूर है पालिका भी इतनी ही है पर उनको कोई समस्या नहीं होती है पर समस्या आएगी तो वैरा जैतपुरा वालों और सिरोही विधानसभा वालों को आएगी क्योंकि नगर पालिका शिवगंज की पैराफेरी बस सुमेरपुर की पैरा फेरी लगती सीमा में बची फैक्ट्री नियमों के विपरीत जारी कर रहे हैं पालिका प्रशासन भ्रष्टाचार की सीमा पार करने नगर पालिका सुमेरपुर प्रशासन द्वारा लाखों रुपया की डील कर बड़ी-बड़ी कृषि आधारित उद्योग से फजीर्वाड़ा कहा जाता है सिर्फ सरकार से फायदा लेने के लिए यह कृषि आधारित उद्योग ले रहे है क्योंकि यहां पर जमींने सभी एसटी की है पावर अटॉर्नी पर खरीदी जमीनों को सरकार को खारिज करना चाहिए नहीं की सेंठ की जमीन खरीदने वालों के लिए बढ़ावा देना खसरा संख्या 1628 /1 वह 1607 /1698 पालड़ी जोड़ के अधिन आती है पर इसकी सीमा में इससे 100 फीट दूरी पर वैरा जैतपुरा गाँव है की सीमा आ रही है जो नियमों के विपरीत है सुमेरपुर नगर पालिका पेरा फेरी में औद्योगिक




परियोजना कृषि आधारित उद्योग जो फजीर्वाड़ा कर सरकार को चूना लगाया जा रहा है क्योंकि यह भूमि एसटी की है जनरल वाले इसको खरीद कर इसमें कृषि आधारित उद्योग खोल रहे हैं जिससे सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा सके वह अपना धंधा चालू हो सके पर इनको यह पता है कि इससे होने वाला प्रदूषण वहां पर निवास करने वाले लोगों के लिए कितना खतरनाक होगा क्योंकि नगर पालिका सुमेरपुर में हुआ है रजिस्ट्रेशन पर यह सीमा नगर पालिका शिवगंज के अधीन आ रही है और वेरा जेतपुरा ग्राम से 100 फीट दूरी है वहां पर निवास करने वाले लोगों का जीवन खतरे में बना हुआ है उनके जीवन की रक्षा कौन करेगा क्योंकि यह शिवगंज से वेरा जैतपुरा जाने वाली सड़क पर है औद्योगिक परियोजना फैक्ट्री खुल रही है जैसे





सिर्फ कृषि आधारित उद्योग बताना सरकार को चूना लगाना ही रह गया है क्योंकि इन्होंने चुपके से नहीं तो वेरा जेतपुरा पंचायत से कोई स्वीकृति ली गई और नहीं शिवगंज तहसील से बहुत दूर सुमेरपुर तहसील व सुमेरपुर नगर पालिका से स्वीकृति लेना मतलब शिवगंज तहसील के वैरा जेतपुरा गांव की जनता के साथ धोखाधड़ी है राजनीतिक हो रही है फैक्ट्रियां जिसमें बड़ी सेटिंग हुई है पालिका अध्यक्ष वह अधिशाषी अधिकारी भूमि बाबू जमीन कन्वॅजन करने वाले बाबू ने सभी प्रकार का फजीर्वाड़ा कर वरिष्ठ नगर नियोजक जोधपुर व जिला कलेक्टर पाली के हाथों हुआ फजीर्वाड़ा क्या इन अधिकारियों ने मौका नहीं देखा होगा उनको पता नहीं की पास में आबादी क्षेत्र है क्योंकि सामने ही मकान बने हुए हैं वहां पर छोटे-छोटे बच्चे बड़े बुजुर्ग



बहने महिला निवास कर रही है जब इस फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण धुएँ से उनके जीवन पर क्या असर पड़ेगा इनके बारे में कोई अधिकारी व नेताजी नहीं सोच रहे है

### सरपंच महोदय का क्या कहना है


वेरा जेतपुरा सरपंच करणसिंह देवड़ा ने बताया कि मेरी पंचायत से कुछ पालड़ी जोड़ पंचायत सुमेरपुर नगर पालिका पेरा फैरी क्षेत्र में मेरे बिना स्वीकृति से प्रदूषण फैलाने वाली बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां संचालित हो रही है वह आगे पट्टे भी जारी हो गए जो पूर्व में संचालित हो रही फैक्ट्री से फैलने धुआँ व केमिकल युक्त पानी से मेरी शरद की जमीन खराब हो रही है और भविष्य में पालिका सुमेरपुर प्रशासन व जिला प्रशासन पाली को में चेतावनी दे रहा हूं



कि आगे बंद करवा दो ईन फैक्ट्री का संचालन पर उनके पट्टे भी खारिज किया जाए नहीं तो मैं मेरा जेतपुरा पंचायत की जनता के साथ जिला कलेक्टर कार्यालय के बहार धरना प्रदर्शन करूंगा वह हो सका तो जनता के लिए माननीय उच्च न्यायालय हाईकोर्ट जोधपुर का सहारा लुगा भविष्य में कभी भी यह प्रदूषण युक्त केमिकल युक्त फैक्ट्री का निर्माण नहीं होने दूंगा अगर अभी भी कार्यवाही नही की तो मुझे जयपुर मुखयमंत्री व स्वायत शासन मंत्री से मिलकर कारवाई करवाएगे जल्दी ।

**करणसिंह देवड़ा सरपंच ग्राम पंचायत वेरा जेतपुरा**

वेरा जेतपुरा की शरद के अंदर पेरा फेरी सुमेरपुर के अंदर बन रही है बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां जिससे होने वाले प्रदूषण वह इन फैक्ट्री से निकलने वाला केमिकल




युक्त गंदा पानी के लिए हम इन फैक्ट्री का निर्माण होने नहीं देंगे क्योंकि हमारे गांव में छोटे-छोटे बच्चे वह बड़े बुजुर्ग महिलाएं यह बहनें खुलेआम रहती है वह उनके स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह प्रशासन ने बड़ी फैक्ट्रियां बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दि है क्यों नहीं इन फैक्ट्रीओं का निर्माण रोका जाए नहीं तो गांव वालों के साथ हम भी उग्र आंदोलन करेंगे इसके तमाम जिम्मेदारी आप प्रशासन की रहेगी अभयसिंह देवड़ा व्यवसाय ग्राम पंचायत वेरा जेतपुरा

सुमेरपुर नगर पालिका क्षेत्र व पैराफैरी मे कृषि आधारित उद्योगों को लेकर फजीर्वाडा किया है उसकी जाँच होनी चाहिए सुमेरपुर पैराफैरी क्षेत्र अवैध निर्माण फैक्ट्रीया फार्म हाउस कोलोनीया व पालडी जोड मे कृषि आधारित उद्योग का फायदा लेकर ईमीटेशन हब की कई फैक्ट्री चालु हो गई है ईससे पालिका कोष का करोडों रुपए का नुकसान किया है उनकी जाँच होनी चाहिए ईन फजीर्वाडा की जाँच होनी चाहिए

**प्रेमचंद बरूत पार्षद व पूर्व जिला अध्यक्ष पाली सुमेरपुर**

---

विदेश भेजने के नाम पर 7.10 लाख की धोखाधड़ी:

## टूरिस्ट वीजा पर मॉरीशस भेजा, हर महीने लाख रुपए सैलरी का दिया लालच



नमस्ते राजस्थान

**सीकर** विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। नागौर के रहने वाले लोगों ने दो युवकों को झांसे में लेकर करीब 7.10 लाख रुपए ऐंठ लिए और टूरिस्ट वीजा पर यूरोप भेज दिया। अब सीकर की धोद पुलिस मामले की जांच कर रही है। धोद क्षेत्र के निवासी बंशीधर ने रिपोर्ट में बताया- उनके बेटे और एक अन्य युवक की जानकारी 3 महीने पहले नागरमल और झाबरमल निवासी अड़कसर से हुई। नागरमल और झाबरमल ने दोनों को कहा कि हम मॉरीशस यूरोप में अच्छी जॉब पर भेज देंगे। वहां वाहन चलाने का काम करना होगा। वहां जाने के लिए 3.60 लाख रुपए लेंगे। वहां हर महीने क लाख से रुपए तनख्वाह होगी। नागरमल और झाबरमल ने 4 सितंबर को पूरे रुपए देने को कहा। इसके बाद बंशीधर के बेटे ने 3.60 लाख रुपए और दूसरे युवक ने 3.50 लाख दे दिए। इसके बाद दोनों को विदेश भेज दिया गया। 4 नवंबर को वहां से दोनों ने कॉल करके बताया कि यहां पर कंपनी नहीं है, हमें टूरिस्ट वीजा पर भेज दिया गया है और अब हमें 17 नवंबर को वापस इंडिया भेज रहे हैं।

एक महीने पहले गायब हुआ युवक यूपी में मिला:

## साइबर टीम ने हाथरस से किया डिटेन, अहमदाबाद से घर आते समय हुआ था लापता

**धौलपुर** धौलपुर की साइबर टीम ने एक महीने पहले अहमदाबाद से ट्रेन में बैठकर धौलपुर आ रहे युवक के गायब होने के मामले में कार्रवाई की है। 3 दिन पहले एसपी को दी गई शिकायत पर साइबर की टीम ने उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले से युवक को डिटेन किया है। एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि बसेड़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित संतोष गिरी पुत्र हरिकृष्ण निवासी कोटरा ने 3 दिन पहले शिकायत दी थी। जिसमें बताया था कि उसका बेटा भोला (25) एक महीने पहले अहमदाबाद से ट्रेन में बैठकर धौलपुर आ रहा था। जो रास्ते में कहीं गायब हो गया। पिछले एक महीने से परिजन युवक की तलाश कर रहे थे।

---

पत्नी ने पति पर चाकू से वार किया, मौत:

## भाई को बोला था- सास और पत्नी ने मारा; 10 महीने पहले हुई थी शादी

नमस्ते राजस्थान

**कोटा** पारिवारिक झगड़ में पत्नी ने अपने पति पर चाकू से हमला कर दिया। पेट में गंभीर घाव लगने से एमबीएस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान गुरुवार रात युवक की मौत गई। 10 महीने पहले ही दोनों की शादी हुई थी। युवक के परिजनों ने महिला और उसके पीहर वालों के खिलाफ थाने में शिकायत दी है। विज्ञाननगर थाना सीआई पुष्पेंद्र ने बताया- युवक शाहरुख (30) विज्ञाननगर छत्रपुरा तालाब का रहने वाला था। वह लोडिंग ऑटो चलाता था। पारिवारिक झगड़े में पत्नी



नाजमीन ने चाकू से हमला किया था। पिछले एक सप्ताह से उसका इलाज चल रहा था। मामले की जांच की जा रही है। युवक के भाई शानू ने बताया- शादी के बाद से ही शाहरुख अपने ससुराल में रह रहा था। उसके के दो महीने का बेटा है। उसकी पत्नी व सास नजमुन उसे हमारे घर नहीं जाने देती थी। 8 नवंबर की शाम 7 बजे के करीब शाहरुख घर आया। उसका चेहरा लटका हुआ था। उसने कहा- दोपहर 4 बजे के करीब उसकी पत्नी नाजमीन और सास ने मिलकर पेट पर चाकू से हमला कर दिया। हॉस्पिटल ले जाने के बजाय पेट पर पट्टी बांध दी। भाई ने बताया- उसकी हालत गंभीर होने पर तुरंत हॉस्पिटल लेकर गए। तब से उसके इलाज चल रहा था। ऑपरेशन भी हुआ। देर रात साढ़े 10 बजे उसकी मौत हो गई।

## खेल की भावना विकसित करती हैं प्रतिस्पर्धा जैन बाल दिवस पर प्रतियोगिता संपन्न

नमस्ते राजस्थान

**भीलवाड़ा।** मप्स स्पोर्ट्स और जवाहर फाउंडेशन ,एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय शास्त्री नगर स्थित महावीर स्कूल के ग्राउंड पर बाल दिवस के मौके पर नन्हे बच्चों की शानदार डे नाइट दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अवसर था बाल दिवस पर बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने का आयोजक सचिव अजीत जैन और अवनी अजमेरा के अनुसार प्रतियोगिता में करीब 100 बच्चों ने भाग लिया। दौड़ प्रतियोगिता में पुलकित चौरडिया, पर्व जैन ,मनय नागोरी, कनिष्क चौरडिया ,



मोहम्मद अल्तमस, शौर्य , आरोही बिश्नोई, दिव्यानी सुवालका, प्रज्वल सिंह ,अक्षत कुमावत, पीयूष आचार्य ,सौम्य जैन ,अनंत जैन, प्रिंस जाट, हरिशंकर जाट ,अंशुल नायक, अंशुल शर्मा ,आशु अग्रवाल ,अनिरुद्ध गर्ग और शिवम सेन ने अपने-अपने ग्रुप में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को आयोजित करवाने का मकसद नन्हे बच्चों को खेलों से जोड़ने का था। गौरतलाब बात है कि एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप के द्वारा खेल के क्षेत्र में कई खेल प्रतियोगिताएं हॉकी फुटबॉल वॉलीबॉल तथा उन आयोजन जवाहर फाउंडेशन के सामाजिक सरोकार के तहत किया जाता रहा है। प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों का जबरदस्त उत्साह देख कर जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा ने कहा कि हर साल यह प्रतियोगिता बाल दिवस पर आयोजित करवाई जाएगी। इस अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षक लाजपत आचार्य , दिनेश सोलंकी, श्याम बिश्नोई, सुजल जीनगर, मनीषा सोलंकी, पलक राजपूत और शुभम गोरन सहित हजारों अभिभावक मौजूद थे।

---

# 'मैंने ऊपर वालों से कहा था, राजस्थान में ब्राह्मण मुख्यमंत्री बने', रामभद्राचार्य सीएम से बोले-लोगों ने कहा कि वसुंधरा नाराज होंगी, मैंने कहा उन्हीं से बुलवा देते हैं

**जयपुर** जयपुर में रामकथा कर रहे रामभद्राचार्य ने दावा किया है कि उनके कहने पर ही राजस्थान में ब्राह्मण मुख्यमंत्री बनाया गया है। यह दावा उन्होंने खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सामने किया। सीएम गुरुवार को विद्याधर नगर स्टेडियम में चल रही रामकथा में रामभद्राचार्य से मिलने पहुंचे थे। रामभद्राचार्य ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से कहा- मैं आपके शपथ ग्रहण समारोह में भी आया था। जब इस बात की चर्चा चल रही थी कि राजस्थान की बागडौर किसे दी जाए, तो मैंने ऊपर वालों को संकेत दिया था कि इस बार राजस्थान की सत्ता ब्राह्मण को दी जाए। लोगों ने कहा- वसुंधरा नाराज होंगी। फिर मैंने उनसे कहा कि उनके ही मुख से कहलवा देते हैं। रामभद्राचार्य ने सीएम से गलता विवाद को लेकर भी बात की। मंच पर आए सीएम से कहा- अब तक मुख्यमंत्री भोजनलाल होते थे, अब भजनलाल हैं। गलता गद्दी रामानंदियों की है। इस पर कोर्ट ने भी फैसला दे दिया है, इसलिए इसे जल्दी से कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर हमें दे दी जाए। यही मेरी दक्षिणा है। इस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- गुरू जो कहता है, वो बात पूरी होगी।

**धीरेंद्र शास्त्री बोले- धर्म विरोधियों को बिखेरने के लिए खून खौलता है**

रामकथा में बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भी पहुंचे। उन्होंने कहा- अंधविश्वास पर भरोसा मत करो, मुझ पर भी भरोसा मत करो। आपको हिंदुत्व पर भरोसा करना है। चीलगाड़ी और हवाई जहाज वालों से धर्म नहीं बचेगा। इसलिए मैंने फैसला किया है कि गांव-गांव जाकर पिछड़े हुए लोगों को गले लगाऊंगा। उन्हें कथा सुनने के लिए प्रेरित करूंगा। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कथा के दौरान कहा- हम प्रायः कम रो पाते हैं। हमारी आंखों में आंसू इसलिए नहीं आ पाते क्योंकि हमें कश्मीरी पंडितों का दर्द दिखाई पड़ता है। बांग्लादेशी हिंदुओं का दर्द दिखाई पड़ता है इसलिए हमारी आंखों में आंसूओं से ज्यादा उन धर्म विरोधियों को बिखेरने के लिए खून खौलता रहता है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- हमसे बहुत लोग पूछते हैं कि बाबा चमत्कार क्या है? अब हम भी बहुत होशियार हो गए हैं। हम भी उनसे कह देते हैं कि पहले हमारे गुरुजी (रामभद्राचार्य) से तो निपट लो। हमारे गुरुदेव भगवान का चमत्कार ही हमारा चमत्कार है।

**छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं...**

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि अभी मैं भीलवाड़ा में भी कथा करके गया। बुरा मत मानना एक बात कह रहा हूं। अब हम सबको घर से बाहर निकलना पड़ेगा। आवाज को मुखर करना पड़ेगा। पहले लोग खुद को हिंदू कहने में डरते थे। डरते थे कि कहीं धर्मविरोधी उपद्रव न कर दें, मार न डालें। अब हम लोगों को हिंदुओं को न जगाना है, न बचाना है। अब तो नया नारा देना है- 'छेड़ोगे तो छोड़ा नहीं जाएगा'।

# शहर मे धन्ना सेठ लोगों ने आवासीय स्वीकृति लेकर वाणिज्यिक काम्पलैक्स बनाएँ व पार्किंग की जगह पर दुकाने बनाई गई


## स्वायत शासन विभाग जयपुर ने 2022 मे आदेश दिया पालिका ने भी आवासीय पाबंद किया 2022 मे 2024 हो गई अब तक पालिका प्रशासन ने वाणिज्यिक काम्प्लेक्स को सीज की कारवाई क्यू नही की


नमस्ते राजस्थान


**शिवगंज** नगर पालिका क्षेत्र के पिथानीया वास नुककड पर बना वाणिज्यिक काम्पलैक्स नियमो के विपरीत बना था नही ही वाणिज्यिक मे था नही साईड बैक छोडा कोनर का भुखंड होने से किनारा कटिंग होता है कोनर की कटिंग 10 फिट होता है जो नही काटने की भी कार्यवाही करनी चाहिए व चार मंजिला आवासीय की जगह वाणिज्यिक बना दिया और उपर मोबाइल टावर लगा रहे है फजीर्वाडा मे फजीर्वाडा किया है पालिका प्रशासन ने स्वायत शासन विभाग जयपुर 10-8-2022 को आदेश दिया की आवासीय मे यूज करने के लिए सीज की कारवाई खोली जाएँ फिर पालिका प्रशासन ने 17-8-2022 को खोलने वह आवासीय यूज करने का आदेश दिया था पर अगस्त 2022 से अगस्त 2024 हुआ है दो साल से अधिक होने के बाद भी कोई कारवाई नही करके आज भी वाणिज्यिक काम्पलैक्स चल रहा है पालिका मे ईमानदार बनकर अधिकारी बैठे है फिर भी अंधे बनकर क्यू बैठे है पालिका प्रशासन पालिका प्रशासन के अधिकारी ने दो साल मे कितना धन लिया होगा कारवाई होगी या भष्ट्राचार उजागर होगा शिवगंज शहर में जहां देखो वहां पर कामर्शियल बिल्डिंगे बन रही है रात दिन खड़ी हो रही है कामर्शियल बिल्डिंग में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है और ज्यादातर कामर्शियल बिल्डिंग आवासीय स्वीकृति लेकर ही बनाई गई है जो पालिका प्रशासन को लाखों का चुना वह जनता के साथ बड़ा धोखाधड़ी कर रहे हैं क्योंकि बिल्डिंग मालिक तो लोगों से वाणिज्य शुल्क वसूल करते हैं और बिल्डिंग मालिक नगर पालिका में आवासीय शुल्क भरकर निर्माण स्वीकृति लेता है जो सरकार को बड़ा चूना लगाया जाता है क्योंकि आवासीय व वाणिज्य शुल्क में रात दिन का फर्क है क्योंकि सरकार को नुकसान होते ही होता है जो भी काम्पलैक्स के अंदर दुकान खरीदना है उसके साथ भी बड़ा धोखा होता है क्योंकि बड़ा धोखा इसलिए होता है की आवासीय स्वीकृत में वाणिज्य बनाना ही गलत है कभी भी वहां पर सीज हो सकती है और शहर में जितने भी वाणिज्य काम्प्लैक्स बने हैं उन सभी की पार्किंग की जगह पर कोशिश करके पार्किंग व्यवस्था वापस करना चाहिए जिससे गाड़ियां सड़कों पर पड़ी ना रहे और जनता परेशान न हो क्योंकि बाजार के अंदर लोग खरीदारी करने के आते हैं वापस सामान किसमें ले जाएंगे इसकी वजह से लोग बाजार के अंदर खरददारी करने नहीं आते सुमेरपुर जाकर खरीददारी करते थे क्योंकि सुमेरपुर में पार्किंग की व्यवस्था भी खूब है दुकान में भी सड़कों पर वहां पर टैक्सी रिक्शा बे कोफ आ जा सकते हैं और लोग सामान लेकर सीधी रिक्शा में बैठ सकते हैं या अपनी गाड़ी में सामान सीधा जा आ सकता है इसकी वजह से धंधे में रात दिन का फर्क पड़ गया क्योंकि शिवगंज शहर में इन 5 सालों में जितने भी वाणिज्य काम्प्लैक्स बने वह सभी भ्रष्टाचार के बल पर ही बने है क्योंकि सभी धन के बल पर ही काम्पलैक्स बने क्योंकि अगर जिसने पैसा नहीं दिया उसका काम्पलैक्स सीज हो गया पैसा मिलते ही वापस खुल गया इनकम होनी चाहिये वह सीज करने वह खोलने में क्योंकि भ्रष्टाचार की कोई कसर नहीं छोड़ी पहले के नेता वह सरकार ने क्योंकि जनता तो व्यापारी लोग होते हैं वह परेशानी में पडना पसंद नही करते हैं इसलिए धन देकर छूट जाते हैं क्योंकि पालिका प्रशासन पर उनका और मास्टर प्लान नियमों के उपयुक्त बना हुआ है इसलिए अगर जहां पर भी वह वाणिज्य निर्माण करना चाहे वहां कर नहीं सकता क्योंकि वह भाग वाणिज्य में नहीं होता इसलिए पहले तो उसका लाखों रुपए दो फिर निर्माण स्वीकृति करने के दो इसलिए जनता के साथ तो धोखा ही धोखा होता है शहर के पिथानियावास के नुक्कड़ पर 5/6 काम्पलैक्स बने हुए जिसकी स्वीकृति आवासीय है वाणिज्य बनाया गया और उसमें दुकान चालु भी हो गई है कोरनर का काम्पलैक्स नियमो के विपरीत व आवासीय मे वाणिज्यिक बनाने के लिए सीज किया था पर उस स्वीकृति में साफ लिखा था कि इसका प्रयोग सिर्फ आवासीय ही हो सकता है पर वाणिज्य शोरूम का दुकान चल रही है क्योंकि अधिकारियों और नेताओं ने पैसा लेकर इसकी सीज की कारवाई खुल गई है तो अब कार्यवाही क्या करेंगे चार दिन पहले हुआ काम्पलैक्स सीज क्या उसमें भी पार्किंग की व्यवस्था होगी या पैसा लेकर सीज की कारवाई खोल दी जाएगी यहाँ के नेताओं को सिर्फ पैसों के बल पर बिकता है शायद जनता भाड़ में जाए क्योंकि जनता तो हमेशा परेशानी होती है सिर्फ यह नेता लोग ही पैसा कमाते हैं इनको सिर्फ धन चाहिए जनता इनको वोट देता है कि हमारा भला होगा पर इनका भला नहीं होता यह तो लोग सड़कों के बीच में परेशानी होने के लिए पैदा हुए शहर की हालात ऐसे कर दिए कि लोगों का धंधा ही नहीं चलता और जो धंधा करें उसके बहार गाडियाँ खडी नजर आती है क्या करें लोग परेशान होते हैं इसलिए जनता शिवगंज शहर में आना पसंद नहीं करते पार्किंग की जगह पर दुकाने बनने से पहले कर दी जाती है तो कभी भी यह गाड़ियां सड़कों पर पड़ी नहीं रहती क्योंकि पार्किंग की जगह पर तो दुकाने कर-के बेचते है और अब यह लोग उसको भी बेचना पसंद करते हैं क्योंकि ग्राउंड फ्लोर में एक दुकान के एक करोड रुपए है तो अंडरग्राउंड में एक दुकान की रेट 80 लॉख रुपए क्योंकि वह पार्किंग की जगह पर दुकान को बेचा जा रहा है वहां पर लाखों रुपए कम कर अधिकारियों को कुछ रुपए देकर पार्किंग को खत्म कर देंगे घर का होती नहीं है शिवगंज में अब बन गया काम्पलैक्स की पार्किंग व्यवस्था को करनी चाहिए जिससे लोगों की परेशानी खत्म हो सके क्योंकि कई काम्पलैक्स मालिक ने पार्किंग में जाने के लिए रास्ता छोटा दे रखा है वह रास्ता इतना ऊपर दे दिया है वहां पर गाड़ी आ जा नहीं सकती सिर्फ अंदर धंधा ही कर सकते हैं गाड़ियां रख नहीं सकते




## पालिका प्रशासन ने आवासीय योजना के लिए करने के लिए सीज की कारवाई खोली थी पर अब भी वाणिज्यिक काम्पलैक्स चल रहा है तुरंत सीज की माँग की गई है









### ईनका क्या कहना है

शहर में बने हुए काम्पलैक्स वह बन रहे है काम्पलैक्स की जांच करवा कर सब की पार्किंग व्यवस्था करनी चाहिए वह सड़कों पर गाड़ियों को जब्त करके पुलिस थाने में रख देनी चाहिए वह चालान किए बिना नहीं छोड़नी चाहिए तब जाकर पार्किंग की व्यवस्था होगी काम्पलैक्स के अंदर नहीं तो काम्पलैक्स मालिक नहीं चाहता कि मैं अंदर पार्किंग करूँ क्योंकि उनको सिर्फ धन चाहिए वह अधिकारी धन के बल पर बिक जाते हैं इसलिए नुकसान जनता को उठाना पड़ता है अधिकारी मानता तो बिक जाते हैं पर परेशान तो जनता को होना है जहां पर लोग धंधा करें वहां पर मोटरसाइकिल गाडियाँ सड़कों पर पड़ी रहेगी तो लोग धंधा कहां करेंगे शिवगंज में जितने भी बने काम्पलैक्स बन रहे है काम्पलैक्स सीज होगे वह सब की जांच करवाई जाए जिसने पार्किंग की व्यवस्था नहीं की है उसमें पार्किंग व्यवस्था की जाए वह पालिका ने किसी भी काम्पलैक्स मालिक से पार्किंग की जगह पर पैसा भरवाया है तो वह पैसा वापस लिया जाए पार्किंग व्यवस्था जरूरी की जाए नहीं तो बाजार के सड़कों पर चलना मुश्किल हो जाएगा

**जैसा राम वाली अध्यक्ष जवाई पर्यावरण एवं वन विकास समिति शिवगंज**

कहते हैं कि शहर की हालत 5 साल में इतनी खराब कर दि है कि कांग्रेस बोर्ड ने सिर्फ व्यापारियों से धन लेकर पार्किंग की जगह पर दुकान बनाना वह आवासीय की जगह पर वाणिज्य काम्प्लैक्स बनाना पालिका कोष को करोड़ों का नुकसान पहुंचा है इसलिए इन भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्यवाही इन्हे जेल भेजना चाहिए वह अवैध काम्पलैक्सओ के विरुद्ध एक अभियान चला कर सभी काम्पलैक्स को जो नियम विरुद्ध सभी को सीज करके बड़े लॉक लगा देना चाहिए तभी जाकर शहर की हालत सुधरेगी नहीं तो लोग पैदल भी चलना मुश्किल हो जाएगा शहर की हालात ऐसी हो जाएँगी अब तुरंत कारवाई करनी चाहिए हर काम्पलैक्स मे पार्किंग वयवस्था होनी चाहिए पिथानीआ वास नुककड पर बना वाणिज्यिक काम्पलैक्स नियमो के विपरीत बनाया वह पालिका प्रशासन ने सीज किया डीएलबी ने सीज की कारवाई खोली सिर्फ आवासीय योजनाओं के लिए पर दो साल के बाद भी वाणिज्यिक काम्पलैक्स मालिक के विरुद्ध कारवाई नही करके आवासीय की जगह पर वाणिज्यिक काम्पलैक्स ही चलाना पालिका प्रशासन को सीज की कारवाई नही करना ईनकी आपस मे साठगांठ कर चलाया जा रहा है कारवाई सीज कब होगा।

**प्रवीण परमार समाजसेवी व व्यापारी गौरक्षक शिवगंज**

# स्कॉर्पियो की टक्कर से 2 भाइयों की मौत: एक की 6 महीने पहले ही हुई थी शादी; पुष्कर मेले में जाते समय हादसा

नमस्ते राजस्थान

**अजमेर** अजमेर के मदारपुरा निवासी 2 भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों भाई स्कूटी पर सवार होकर पुष्कर मेले में जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ओवरटेक के चक्कर में उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसा होकरा फाटक के पास हुआ।

### स्कूटी पर जा रहे थे मेले में

जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम करीब 6 बजे होकरा फाटक के निकट हादसे में स्कूटी सवार मदारपुरा निवासी भंवर सिंह के पुत्र 22 वर्षीय सूरज और 17 वर्षीय नीरज की मौत हो गई। दोनों भाई स्कूटी पर पुष्कर मेले में जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुष्कर की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक के प्रयास में स्कूटी को टक्कर मारी थी। लोगों ने सूरज और नीरज को खछठ अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।



नीरज चोपड़ा



सूरज चोपड़ा

### दोनों भाइयों के हैं 5 बहनें, पूरे गांव में शोक

सूरज और नीरज के 5 बहनें है। इनके पिता भंवरसिंह खेती बाड़ी का काम करते हैं। दोनों भाइयों की मौत से भंवरसिंह के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पूरे गांव में शोक व्याप्त हो गया है।

### छह महीने पहले हुई थी शादी

हादसे के बाद एक साथ 2 परिवारों पर दुख का पहाड़ टूटा है। सूरज की शादी करीब 6 महीने पहले काजीपुरा निवासी युवती से हुई थी, लेकिन गौना नहीं हुआ था। सूरज की पत्नी भी पढ़ाई कर रही है। हादसे से काजीपुरा स्थित सूरज के ससुराल में भी शोक व्याप्त हो गया। सूरज की पांचों बहनों की शादी हो चुकी है। दोनों भाई पुष्कर मेले में घूमने के लिए गनाहेड़ा पुष्कर निवासी बुआ के घर जा रहे थे। बुआ के घर सामान रखकर मेले में घूमने का कार्यक्रम तय था। दोनों स्कूटी पर सवार थे। जब वे पुष्कर बाईपास पर माकड़वाली क्षेत्र से गुजर रहे थे तो उन्हें सामने से तेज गति से आई एक स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी।

### खेतीबाड़ी में घरवालों की करते थे मदद

मामले में दोनों मृतकों के चाचा महेंद्र सिंह रावत ने क्रिश्चियन गंज थाने में स्कार्पियो के ड्राइवर के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नीरज चोपड़ा कक्षा 11वीं में पढ़ रहा था। जबकि सूरज 12वीं कक्षा पास करने के बाद क्लक की पढ़ाई कर रहा था। साथ ही खेतीबाड़ी में घरवालों की मदद करते थे ।

### चाचा ने दर्ज कराया मामला

हेड कॉन्स्टेबल सुमेर सिंह ने बताया की मदारपुरा निवासी महेंद्र सिंह ने मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़ित ने बताया कि उसके भतीजे नीरज और सूरज पुष्कर मेले में जा रहे थे। तभी एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। जिन्हें हॉस्पिटल में डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

**नई पुलिया बनाने को लेकर दो पक्ष हुए आमने-सामने:**

# पुलिस और प्रशासन पहुंचे मौके पर, समझाइश कर मामला कराया शांत

नमस्ते राजस्थान

**धौलपुर** धौलपुर-गंगापुर रेलवे लाइन पर उर्मिला विहार कॉलोनी के पास रेलवे द्वारा नई पुलिया का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। नई पुलिया के बनने से नाराज किसानों के साथ जल भराव की समस्या से परेशान लोग पुलिया बनाने को लेकर आमने-सामने हो गए। किसानों और कॉलोनियों के लोगों के आमने-सामने होने की खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा। जहां उन्होंने समझाइश कर मामले को शांत कराया। नई पुलिया के निर्माण को लेकर किसानों ने बताया कि हाल ही में हुई बारिश के बाद प्रशासन द्वारा वैकल्पिक मार्ग निकलते हुए उनके खेतों में पानी की निकासी की गई थी। जिस वजह से खेतों में जल भराव होने की वजह से किसानों की फसल बर्बाद हुई। उन्होंने बताया कि रेलवे द्वारा पूर्व में धौलपुर-गंगापुर रेलवे लाइन पर छोटी लाइन नेरोगेज के समय से ही पानी निकासी के लिए वनस्थली स्कूल के सामने से पुलिया दी गई है, जिसके बावजूद रेलवे उर्मिला विहार कॉलोनी के सामने नई पुलिया बनवाकर उनके खेतों को खराब करने में लगा हुआ है। वहीं, दूसरी ओर प्रदर्शन करते हुए कॉलोनियों के लोगों ने बताया कि बारिश के समय जल भराव की वजह से उनके घरों के पास आज भी पानी भरा हुआ है। जिस पानी की निकासी के लिए प्रशासन द्वारा अस्थाई पुलिया बनवाई गई थी। जिसे रेलवे द्वारा पक्का किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया की पुलिया के पक्का हो जाने से जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। किसानों और कॉलोनियों के लोगों के आमने-सामने हो जाने की खबर मिलते ही नायाब तहसीलदार के साथ निहालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां लोगों की समझाइश करने के बाद दोनों पक्षों को बातचीत के लिए बुलाया गया है।



न्यूज इनबॉक्स

## दिल्ली में बदला गया सभी सरकारी दफ्तरों का समय




नई दिल्ली।

दिल्ली में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण के स्तर को देखते हुए सरकार ने सरकारी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों के समय में बदलाव करने का फैसला लिया है। नए समय के मुताबिक नगर निगम, दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के कार्यालयों में अब अलग-अलग समय पर काम होगा।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को जानकारी देते हुए लिखा, सड़कों पर ट्रैफिक जाम और प्रदूषण को कम करने के लिए अब दिल्ली के सरकारी कार्यालय अलग अलग पर खुलेंगे।

## आईपीएल : मेगा नीलामी में शामिल होंगे 574 खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। 24 और 25 नवंबर को मेगा नीलामी जेद्दाह में होगी। शुक्रवार को आईपीएल ने नीलामी के लिए खिलाड़ियों की अंतिम लिस्ट जारी कर दी। इसमें कुल 574 खिलाड़ी शामिल होंगे। आईपीएल के अनुसार, दो दिन चलने वाली मेगा नीलामी की शुरुआत भारतीय समयानुसार दोपहर 3 : 00 बजे से होगी। इस दौरान 366 भारतीय और 208 विदेशी खिलाड़ियों पर बोली लगाई जाएगी, जिनमें तीन सहायक राष्ट्र के खिलाड़ी भी हैं।

## 'लॉटरी किंग' सैंटियागो मार्टिन पर ईडी का एक्शन, 8.8 करोड़ रुपये कैश जब्त




चेन्नई।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चेन्नई में रहने वाले लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने सैंटियागो के कॉरपोरेट कार्यालय से शुक्रवार को 8.8 करोड़ रुपये जब्त किए। बता दें कि, मार्टिन उस वक्त सुर्खियों में आ गया था, जब राजनीतिक दलों को सबसे ज्यादा चंदा देने वालों में उसके नाम का खुलासा हुआ था। उसने अब रद्द की जा चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के तहत 1,300 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा दिया था।

ईडी ते अधिकारियों ने कहा कि 'लॉटरी किंग' के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले की जांच के तहत कई राज्यों में छापे मारे गए है।

**हाय रे महंगाई** ● देश का आम आदमी महंगाई की मार से दयनीय स्थिति में, बीते एक साल से खाद्य मुद्रास्फीति 8% से ऊपर


# अनाज, तेल, सब्जी सब महंगे; आम आदमी का खाना-पीना मुहाल!

- निजात के लिए अपना खर्चा काटने को *मजबूर आम आदमी*
- बढ़ी महंगाई से देश की *जीडीपी के आंकड़े* हो सकते हैं प्रभावित

नई दिल्ली।

देश का आम आदमी महंगाई की मार से दयनीय स्थिति में है। प्याज, टमाटर और लहसुन से लेकर खाने के तेल तक की कीमतें आसमान छू रही हैं। लोगों की रसोई का बजट बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। हाल ही में आए खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़े पूरी कहानी बयां कर रहे हैं। खुदरा महंगाई दर 14 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, वहीं थोक महंगाई दर भी चार महीने के शीर्ष पर है। बीते एक महीने में खाद्य तेल की कीमतें 8 फीसदी तक उछली हैं। महंगाई का आलम ये है कि लोग अब अपने खान-पान के तौर-तरीके बदलने को मजबूर हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मूंगफली तेल का दाम 14 अक्तूबर को 193.58 रुपये लीटर था। शुक्रवार को एक फीसदी बढ़कर 195.59 रुपये लीटर के करीब हो गया। सरसो तेल 2.5 फीसदी महंगा होकर 167 रुपये लीटर व वनस्पति तेल पांच फीसदी बढ़कर 142 रुपये लीटर हो गया है। सोयातेल का दाम पांच फीसदी महंगा होकर 141 रुपये लीटर हो गया है। सूरजमुखी तेल भी पांच फीसदी बढ़कर 140 से 147 रुपये लीटर हो गया है। पाम तेल सबसे ज्यादा 8 फीसदी बढ़कर 120 से 129 रुपये लीटर पर पहुंच गया है।

***देश में आम आदमी का बढ़ती कीमतों के कारण बुरा हाल है।*** **लोगों को अपने जरूरत की चीजों को जुटाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। बढ़ती कीमतें घर की रसोई से लेकर बड़ी-बड़ी कंपनियों को भी कैसे प्रभावित कर रही हैं। लोग खर्चा काटने के लिए अपनी आदतें बदलने को मजबूर हो रहे हैं। आइए जानते हैं पूरी कहानी।**




### एक साल में टमाटर के भाव 161% बढ़े, आलू 65% महंगा

नवंबर में सब्जियों के दाम घटने के बावजूद वार्षिक आधार पर कीमतें अभी भी ऊंची हैं। अक्तूबर में इनके दाम 42 फीसदी बढ़कर 57 महीने के शीर्ष पर चले गए हैं। सब्जियों की कीमतें तो 30 रुपये से लेकर 80 रुपये किलो तक के बीच हैं। प्याज जहां अभी भी 70-80 रुपये किलो है, वहीं आलू की कीमत 30 रुपये किलो है। प्याज के दाम इस महीने भी ऊंचे बने रहेंगे। सब्जियों की कीमतों में उछाल टमाटर, आलू व प्याज जैसी जरूरी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से है।

### महंगाई से आम लोग, एफएमसीजी कंपनियां, होटल-रेस्त्रां सब हलकान?

**भारत** के शहरी कुकीज से लेकर फास्ट फूड तक हर चीज पर हो रहे खर्च में कटौती कर रहे हैं। लगातार बढ़ती महंगाई मध्यम वर्ग की जेब काट रही है। जिससे देश की तेज आर्थिक वृद्धि की राह भी मुश्किल हो गई है। पिछले तीन-चार महीनों के दौरान शहरी व्यय में कमी आने से न केवल बड़ी एफएमसीजी कंपनियों की आय प्रभावित हुई, बल्कि भारत की दीर्घकालिक आर्थिक सफलता की तैयारियां भी प्रभावित हो रही हैं।

### महंगाई के कारण घरेलू बाजार में सुस्ती का खतरा

हालांकि, भारतीय मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए कोई आधिकारिक रूप से परिभाषित आय सीमा नहीं है, फिर भी अनुमान है कि वे भारत की 1.4 अरब की आबादी का एक तिहाई हिस्सा हैं। यह तबका आर्थिक और राजनीतिक दोनों ही दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। जानकार मानते हैं कि इसी साल संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी दल के सीटों में कमी का सबसे बड़ा कारण मध्यम वर्ग की हताशा ही थी। भारत जो कि एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है की वृद्धि दर मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में 7.2% रहने की उम्मीद है, इसके समकक्ष देशों की तुलना में यह वृद्धि दर सबसे तेज है।

### शहरी खपत दो महीने के निम्नतम स्तर पर

सिटीबैंक के आंकड़ों के अनुसार भारतीय शहरी खपत इस महीने दो वर्ष के निम्नतम स्तर पर पहुंच गई है। सूचकांक में एयरलाइन बुकिंग, ईंधन बिक्री और मजदूरी जैसे संकेतक शामिल हैं। सिटी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री समीरन चक्रवर्ती ने कहा, "हालांकि कुछ गिरावट अस्थायी हो सकती है, लेकिन बाजार के प्रमुख कारक प्रतिकूल बने हुए हैं।" सिटी के आंकड़ों से पता चला है कि सूचीबद्ध भारतीय फर्मों के लिए मुद्रास्फीति-समायोजित वेतन लागत में वृद्धि- जो शहरी भारतीयों की कमाई पर असर डालती है- 2024 की सभी तीन तिमाहियों के लिए 2% से नीचे रही, वहीं, यह 10 साल के औसत 4.4% से काफी कम है।

**13 साल पुराने मामले में हाईकोर्ट का फैसला**

# भंगी, नीच और भिखारी जैसे शब्द जातिसूचक नहीं : हाईकोर्ट

**4 शब्दों को कोर्ट ने एसटी-एससी एक्ट से हटाया**

**राजस्थान हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट से चार जाति सूचक शब्दों को हटाते हुए कहा कि *भंगी, नीच, भिखारी, मंगनी जैसे शब्द जातिसूचक नहीं हैं।***

जोधपुर।

राजस्थान हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट से चार जाति सूचक शब्दों को हटाते हुए कहा कि भंगी, नीच, भिखारी, मंगनी जैसे शब्द जातिसूचक नहीं हैं। दरअसल, मामला अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान सरकारी कर्मचारियों के साथ हुई बहस से जुड़ा है, इसके बाद मामला कोर्ट में पहुंचा। कोर्ट ने इन शब्दों का इस्तेमाल करने वाले 4 आरोपियों के खिलाफ लगी एससी-एसटी एक्ट की धाराओं को हटा दिया। जस्टिस वीरेंद्र कुमार की बेंच ने यह फैसला सुनाया है।

### क्या है पूरा मामला ?

यह मामला जैसलमेर के कोतवाली थाने का है, जहाँ 13 साल पहले अतिक्रमण हटाने गए सरकारी अधिकारियों के साथ मौके पर कुछ लोगो ने अभ्रद व्यवहार किया और उनके साथ मारपीट भी। इस मामले में 31 जनवरी 2011 को एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज? किया गया था। सरकारी अफसर हरीश चंद्र अपने दूसरे सहयोगी अफसरों के साथ अचल सिंह नामी एक शख्स द्वारा किए गए अतिक्रमण की मौके पर जांच करने गए थे।



### ● क्या है पूरा मामला ?

यह मामला जैसलमेर के कोतवाली थाने का है, जहाँ 13 साल पहले अतिक्रमण हटाने गए सरकारी अधिकारियों के साथ मौके पर कुछ लोगो ने अभ्रद व्यवहार किया और उनके साथ मारपीट भी। इस मामले में 31 जनवरी 2011 को एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज? किया गया था। सरकारी अफसर हरीश चंद्र अपने दूसरे सहयोगी अफसरों के साथ अचल सिंह नामी एक शख्स द्वारा किए गए अतिक्रमण की मौके पर जांच करने गए थे। जब वे विवादित जगह की नाप-जोख कर रहे थे, तभी अचल सिंह ने सरकारी अफसर हरीश चंद्र को अपशब्द जिनमें ( भंगी, नीच, भिखारी और मंगनी) जैसे शब्दों से संबोधित किया गया। इस दौरान उन लोगों के बीच हाथा-पाई भी हुई थी। इस घटना के बाद सरकारी अफसर की तरफ से अचल सिंह के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट का मामला कोतवाली थाने में दर्ज करवाया गया। इस मामले में चार लोगों को मुल्जिम बनाया गया।

जब वे विवादित जगह की नाप-जोख कर रहे थे, तभी अचल सिंह ने सरकारी अफसर हरीश चंद्र को अपशब्द जिनमें ( भंगी, नीच, भिखारी और मंगनी) जैसे शब्दों से संबोधित किया गया। इस दौरान उन लोगों के बीच हाथा-पाई भी हुई थी। इस घटना के बाद सरकारी अफसर की तरफ से अचल सिंह के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट का मामला कोतवाली थाने में दर्ज करवाया गया। इस मामले में चार लोगों को मुल्जिम बनाया गया।

### नहीं मिले गाली देने के सबूत

बाद में इन चारों मुलजिमों ने अपने ऊपर लगे एससी-एसटी एक्ट की धाराओं को कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में अपीलकर्ताओं का कहना था कि उस अफसर की जाति के बारे में उन्हें पहले से कोई जानकारी ही नहीं थी। यह दलील दी गयी कि इस बात का कोई सबूत नहीं है, कि घटना सार्वजनिक रूप से हुई। इस मामले में गवाह सिर्फ अभियोजन पक्ष ही था। मामला दर्ज होने के बाद कोतवाली पुलिस की तरफ से जांच शुरू की गई। इस दौरान जांच में इससे संबंधित कोई सबूत ही नहीं मिले।

मामले की सुनवाई में अपीलकर्ता के वकील लीलाधर खत्री ने कहा कि अपीलकर्ता को अफसर की जाति के बारे में जानकारी नहीं थी। इसके कोई सबूत भी नहीं मिले हैं कि ऐसे शब्द बोले गए और ये घटना भी जनता के बीच हुई हो।

**देव दीपावली** ● वाराणसी के घाटों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया

# दीपों से जगमग हुआ बनारस, 84 गंगा घाटों पर जले 17 लाख दीये

वाराणसी।

देवताओं की दीपावली मनाने के लिए काशी में पर्यटकों का रेला लगा रहा। देश-दुनिया के सभी लोगों की नजरें काशी की देव दीपावली पर टिकी रहीं। शाम होते ही सभी घाट दीपों से जगमग हो गए। वहीं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नमो घाट का लोकार्पण किया तो हर- हर महादेव का जयकारा गूंज उठा।

देव दीपावली के अवसर पर वाराणसी के घाटों पर आतिशबाजी की गई। इस दौरान गंगा में क्रूट और नाव पर बैठे पर्यटक भव्य देव दीपावली के उत्सव का लुत्फ उठाते रहे। देव दीपावली के अवसर पर वाराणसी के घाटों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। काशी के 84 गंगा घाटों पर दीप जलाए गए हैं। इस दौरान देव दीपावली का भव्य आयोजन देखने के लिए देश भर से लोग काशी पहुंचे हैं। देव दीपावली या 'देवताओं की दिवाली' हिंदू कैलेंडर के अनुसार कार्तिक महीने की पूर्णिमा की रात को दिवाली के पंद्रह दिन बाद मनाया जाने वाला एक हिंदू त्योहार है।




### काशी के घाटों पर बेकाबू हुई भीड़

देव दीपावली पर काशी के घाटों पर पर्यटकों की भारी भीड़ जुट गई है। ऐसे में सभी प्रमुख घाटों पर भीड़ बेकाबू होते देख पुलिस के साथ ही अन्य फोर्स मौके पर पहुंचकर भीड़ नियंत्रित करने में जुटी है।

### चेत सिंह किले के सामने पहुंचा उपराष्ट्रपति और सीएम का काफिला

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला चेत सिंह किले के सामने पहुंचा है। वहीं अस्सी से चेत सिंह किले की ओर जाने वाले लोगों की भीड़ अधिक होने से काशी वरुणा जोन के डीसीपी और एटीएस के जवान पहुंच गए हैं। लोगों को रोककर भीड़ किले की ओर जाने से रोक रहे हैं।

## गुजरात तट पर मादक पदार्थ निरोधक अभियान में 700 किलो ड्रग्स बरामद



गांधीनगर।

मादक पदार्थ निरोधक एजेंसियों की तरफ से संयुक्त अभियान के तहत शुक्रवार को गुजरात तट से दूर भारतीय जलक्षेत्र से करीब 700 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया और आठ ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल, ड्रग सिंडिकेट के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की पहचान करने के लिए जांच जारी है, जिसके लिए विदेशी डीएलईए की मदद ली जा रही है।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक बयान जारी कर कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर 'सागर मंथन-4' कोडनेम से अभियान चलाया गया। नौसेना ने अपनी समुद्री गश्ती संपत्तियों को सक्रिय करके एक जहाज की पहचान की और उसे रोका। यह ऑपरेशन भारत में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए असाधारण अंतर-एजेंसी समन्वय और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अमित शाह का बड़ा दावा**

# पीएम मोदी करेंगे वक्फ अधिनियम में संशोधन

मुंबई।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्धव ठाकरे और शरद पवार जैसे नेताओं के विरोध के बावजूद वक्फ अधिनियम में संशोधन करेंगे। महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के उमरखेड़ में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी वक्फ बोर्ड कानून बदलना चाहते हैं, लेकिन उद्धव ठाकरे, शरद पवार और सुप्रिया सुले इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उद्धव जी, ध्यान से सुनिए, आप सभी जितना चाहें विरोध कर सकते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी वक्फ अधिनियम में संशोधन करेंगे। अमित शाह ने कहा कि 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में दो खेमे हैं, एक 'पांडव' जिसका प्रतिनिधित्व भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति कर रही है और दूसरा 'कौरव' जिसका प्रतिनिधित्व महा विकास अघाड़ी कर रही है। उद्धव ठाकरे का दावा है कि उनकी शिवसेना असली है। क्या असली शिवसेना औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर करने के खिलाफ जा सकती है? क्या असली शिवसेना अहमदनगर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने के खिलाफ जा सकती है?



### कांग्रेस ने अपने वादे पूरे नहीं किए- शाह

उन्होंने आगे कहा, 'राहुल बाबा कहते थे कि उनकी सरकार लोगों के खातों में तुरंत पैसे जमा करेगी। आप हिमाचल, कर्नाटक और तेलंगाना में अपने वादे पूरे नहीं कर पाए। महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन ने वादा किया है कि लड़की बहन योजना के तहत महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा, कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और दुनिया की कोई भी ताकत इसे हमसे नहीं छीन सकती।

**टोंक जिले के देवली-उनियारा में हुआ बवाल अभी शांत नहीं हुआ**

# थप्पड़कांड : नरेश मीणा टोंक जेल में शिफ्ट

**किरोड़ी ने कहा- टारगेटेड था मामला; वकील बोले- एसडीएम ने थाने में निर्दलीय प्रत्याशी को पीटा**

टोंक।

राजस्थान के देवली-उनियारा (टोंक) में एसडीएम के थप्पड़कांड विवाद के बाद समरावता गांव में तीसरे दिन शुक्रवार को भी तनाव रहा। घटना के बाद जिला कलेक्टर डॉ सौम्या झा का पहला बयान सामने आया। इधर, नरेश मीणा को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए निवाई कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का आदेश दिया। नरेश को शुक्रवार शाम कड़ी सुरक्षा के बीच मालपुरा थाने से टोंक जेल में शिफ्ट कर दिया गया। इस दौरान बस में सवार होते समय नरेश मीणा ने इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए। कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने जयपुर में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म से बात की। इस दौरान ग्रामीण भी मौजूद थे। किरोड़ी ने यहां कहा- चुनिंदा लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। यह टारगेटेड था। अपराधी कोई भी हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी दल से जुड़ा हो। वह जेल की सलाखों के पीछे जाना चाहिए।



जिला कलेक्टर ने बताया- उन्होंने समरावता गांव में ग्रामीणों से कहा कि आचार संहिता के सभी मांगें पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि बुधवार को हुए विवाद से पहले उन्होंने नरेश मीणा को 6 बार कॉल किया था, लेकिन उन्होंने बात नहीं की। जिला कलेक्टर के साथ एसपी विकास सांगवान भी मौजूद थे। दोनों अधिकारियों ने गांव का जायजा भी लिया। पुलिस ने टोंक, निवाई, देवली, उनियारा में 4 हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती की गई। जयपुर में दो दिन से हड़ताल कर रहे आरएएस एसोसिएशन के मेंबर्स ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद हड़ताल खत्म कर दी है।

### सबसे पहले जानिए कैसे हुई बवाल की शुरुआत?

दरअसल, 13 नवंबर को देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान हो रहा था। समरावता गांव में लोगों ने मतदान का बहिष्कार कर धरना शुरू किया था। इस धरने में देवली-उनियारा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा अपने समर्थकों और ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठा था। इस दौरान मीणा ने पोलिंग बूथ पर मौजूद अधिकारियों पर जबरन मतदान करने का आरोप लगाया और अंदर घुसने लगे। एसडीएम अमित चौधरी ने नरेश मीणा को रोकने का प्रयास किया, इस दौरान उन्हें कुछ कहासुनी हुई और मीणा ने थप्पड़ जड़ दिया। कुछ देर चले हंगामें के बाद मामला शांत हुआ, लेकिन वोटिंग खत्म होने के बाद विरोध कर रहे ग्रामीणों ने पोलिंग पार्टी को रोकने का प्रयास किया। लोगों ने एसपी विकास सांगवान की गाड़ी तोड़ दी। हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने रात करीब 9.30 बजे मीणा को हिरासत में ले लिया।

## सबरीमला तीर्थयात्रा आज से होगी शुरु, सभी सुरक्षा इंतजाम पूरे

सबरीमला। केरल पुलिस ने 16 नवंबर से शुरू हो रही सबरीमला तीर्थयात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम और सुरक्षित दर्शन कराने के लिए सभी जरुरी इंतजाम कर लिए हैं। राज्य पुलिस प्रमुख शेख दरवेश साहिब ने पंपा में मंडला-मकरविलक्कु तीर्थयात्रा की तैयारियों की समीक्षा कर कहा कि पंपा, सन्निधानम और निलक्कल में अधिकारियों के साथ बैठक करके सभी जरूरी सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी श्रद्धालुओं को सन्निधानम में सुरक्षित और सुगम दर्शन का अनुभव प्रदान करना है। दरवेश साहिब ने कहा कि सबरीमला तीर्थयात्रा में हमारी भूमिका सिर्फ कर्तव्य पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि हम मानवता की सेवा भी कर रहे हैं। इसके साथ ही हवाई मार्ग से सबरीमला जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक ठहराव बिंदु बनाया गया है। राज्य के उद्योग और कानून मंत्री पी राजीव ने इस सुविधा का उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि सरकार ने श्रद्धालुओं को एक सुगम और सुविधाजनक यात्रा अनुभव देने के लिए सभी जरुरी व्यवस्थाएं कर ली हैं।

## गोल्डन टेंपल और ननकाना साहिब में श्रद्धालुओं का तांता... 555वें प्रकाश पर्व दुनियाभर के गुरुद्वारों में भीड़

अमृतसर। गुरु नानक देव जी का 555वां प्रकाश पर्व पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल और पाकिस्तान के ननकाना साहिब को खूबसूरती से सजाया गया है। इन स्थलों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है, जहां 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के गोल्डन टेंपल और 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के ननकाना साहिब में माथा टेकने की बात कही जा रही है। शुक्रवार की सुबह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, अभिनेता करमजीत अनमोल के साथ अमृतसर पहुंचे और गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर माथा टेका। सीएम मान ने कहा कि वे अमृतसर में थे, इसलिए उन्होंने छठी पातशाही गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। उन्होंने संगत से कहा कि गोल्डन टेंपल में भीड़ को ध्यान में रखते हुए उन्होंने वहां जाने का निर्णय नहीं लिया। इस बार गोल्डन टेंपल में विशेष सजावट की गई। रात को गोल्डन टेंपल में आतिशबाजी का आयोजन होगा। प्रदूषण को ध्यान में रखकर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने विशेष प्रकार के पटाखे चलाने का निर्णय लिया है, जिससे कम धुआं और अधिक रंगीन रोशनी निकल सके। इसके साथ ही, गोल्डन टेंपल में 1 लाख से अधिक घी के दिए भी जलाए जाएंगे। वहीं पाकिस्तान स्थिति ननकाना साहिब यात्रा में इस साल 2,244 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट पाकिस्तान वीजा के लिए भेज गए थे, इसमें से 763 श्रद्धालुओं को वीजा मिल सका, जबकि 1481 वीजा आवेदन रिजेक्ट हो गए। करीब 3,000 श्रद्धालु इस साल पाकिस्तान के विभिन्न गुरुद्वारों, जैसे ननकाना साहिब, के दर्शन के लिए गए हैं। ये जत्थे 23 नवंबर तक वापस लौटने की उम्मीद है।

## फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर जताई चिंता

**– स्थानीय विकास की आवश्यकता जताई**

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर में बढ़ रही समस्याओं और विकास के मुद्दों पर चर्चा की। उनका कहना था कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बर्बादी की चिंता है, जिससे अस्पतालों से लेकर स्कूलों तक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने उज्जवल किया कि कई संस्थानों में कार्यक्षमता की कमी है और साफ पानी की समस्या भी गंभीर हो गई है, जिसके कारण स्वास्थ्य समस्याएँ दिखाई दे रही हैं। वे एक गांव की उदाहरण में जोंडिस के बढ़ते मामले को उठाते हुए बताए कि साफ पानी की कमी से बीमारी फैल रही है। फारूक अब्दुल्ला ने सरकार से इन मुद्दों का समाधान तेजी से करने की मांग की और राज्य के विकास के लिए कदम उठाने की भी पुनरावृत्ति दी। उन्होंने उमर अब्दुल्ला की संबोधन से उनकी गतिविधियों पर गृह मंत्री और अन्य अधिकारी के साथ चर्चा करने की योजना बताई ताकि जम्मू-कश्मीर में सुधार किया जा सके और स्थानीय लोगों को बेहतर जीने के अवसर मिलें। उन्होंने स्थानीय मजदूरों को रोजगार के लिए प्रोत्साहित किया और पूछा कि बाहरी ठेकेदारों को क्यों प्राथमिकता दी जाती है जबकि स्थानीय लोग समर्थ हैं। उनका मानना था कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के माध्यम से ही क्षेत्र में विकास की संभावना है। उन्होंने बटोत को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की भी बात की। बटोत की प्राकृतिक सुंदरता को पर्यटन के लिए उपयोग में लाने की चर्चा की गई और उन्होंने इसे उन्नति देने के लिए प्रेरित किया। इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाने का उद्देश्य रखा गया है ताकि यहाँ के पर्यटक बटोत की सुंदरता का आनंद ले सकें और इस से क्षेत्र में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिल सके।

## शराबबंदी कानून शराब और अन्य अवैध सामानों की तस्करी को दे रहा बढ़ावा

**–पटना हाईकोर्ट ने की टिप्पणी, पुलिस इंस्पेक्टर का डिमोशन आदेश को किया रद्द**

पटना। पटना हाईकोर्ट ने एक पुलिस इंस्पेक्टर के खिलाफ जारी डिमोशन आदेश को रद्द करते हुए बिहार के शराबबंदी कानून पर गंभीर टिप्पणियां की हैं। कोर्ट ने कहा कि शराबबंदी कानून राज्य में शराब और अन्य अवैध सामानों की तस्करी को बढ़ावा दे रहा है। कोर्ट ने साफ कहा कि बिहार प्रोहिबिशन एंड एक्साइज एक्ट, 2016 को राज्य सरकार ने नागरिकों के जीवन स्तर और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए लागू किया था, लेकिन यह कानून गलत दिशा में चला गया है। न्यायमूर्ति पूर्णेंदु सिंह द्वारा 29 अक्टूबर को सुनाया गया यह फैसला 13 नवंबर को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया है। यह फैसला मुकेश कुमार पासवान द्वारा दायर याचिका के जवाब में आया, जिन्होंने अपनी निलंबन और डिमोशन की सजा को चुनौती दी थी। मुकेश पासवान जो पटना बाईपास पुलिस स्टेशन में स्टेशन हाउस ऑफिसर के रूप में कार्यरत थे, उन पर आरोप था कि उनके क्षेत्राधिकार में विदेशी शराब की तस्करी हुई, जिसके कारण उन्हें सजा दी गई थी।

# गलतबयानी या झूठे दावों की हेट स्पीच से तुलना नहीं की जा सकती

**–सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं द्वारा भड़काऊ बयान देने पर रोक लगाने की याचिका खारिज की**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं द्वारा भड़काऊ भाषण देने पर रोकने लगाने के लिए गाइडलाइंस जारी करने की गुहार वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि गलतबयानी या झूठे दावों को हेट स्पीच से तुलना नहीं की जा सकती, क्योंकि दोनों में फर्क है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह यह समझें कि हेट स्पीच क्या होती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिका में हेट स्पीच को गलत तरीके से पेश किया गया है। अगर किसी को कोई शिकायत है तो वह इसे कानून के मुताबिक उठाए।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि भड़काऊ भाषण और गलतबयानी के बीच अंतर है। पीठ ने याचिकाकर्ता हिंदू सेना समिति के वकील से यह भी कहा कि शीर्ष अदालत इस मामले में कोई नोटिस जारी करने को इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा कि वह इस याचिका पर विचार नहीं करना चाहती, जो कथित बयानों से संबंधित है। कोर्ट ने आगे कहा कि अगर याचिकाकर्ता को कोई शिकायत है, तो वह इसे संबंधित कानूनी प्रक्रिया के तहत उठाकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं कर रही है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से भड़काऊ भाषणों को रोकने के लिए दिशानिर्देश तय करने और राष्ट्र की संप्रभुता और सार्वजनिक व्यवस्था को खतरे में डालने वाले बयानों पर दंडात्मक कार्रवाई का निर्देश देने की मांग की थी। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया था कि राजनीतिक नेताओं के बयान अक्सर उकसावे वाले होते हैं, जो सार्वजनिक अशांति पैदा कर सकते हैं।

## कार्तिक पूर्णिमा पर काशी के 80 घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब, अयोध्या में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़



वाराणसी। यूपी में कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा नदी के घाटों पर स्नान के लिए भीड़ उमड़ी है। काशी में सुबह 4 बजे से ही 80 घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश सहित 10 राज्यों के लोग स्नान करने पहुंचे हैं। विदेशी पर्यटक स्नान को कैमरे में कैद कर रहे। सुबह 7 बजे तक 1 लाख से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। हापुड़ के गढ़ मुक्तेश्वर मेले में पहुंचे दिव्यांग को मेला इंचार्ज इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह पीठ पर लादकर गंगा किनारे तक ले गए और स्नान करवाया। उनका वीडियो भी सामने आया है। वहीं अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगी हुई है। यहां लोग सरयू स्नान कर रहे हैं। अयोध्या में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। प्रयागराज में भी संगम पर गंगा स्नान के लिए भीड़ लगी हुई है। यहां सुबह से लाखों श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। वाराणसी के सभी घाटों पर उत्साह का माहौल है। देव दीपावली पर शिव की नगरी काशी 25 लाख दीयों से जगमग होगी। देश-विदेश से 15 लाख श्रद्धालु जुटे हैं। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर अयोध्या के सरयू घाट पर भक्तों की भीड़ उमड़ी। लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद रामलला के दर्शन किए। दान-पुण्य करने के बाद अपने घरों को रवाना हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

## पीएम मोदी की रैली में भीड़ कम, संजय राउत का तंज... जनता अब ऊब चुकी



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शिवाजी पार्क में दिए गए संबोधन पर तीखा हमला किया। राज्यसभा सांसद राउत ने कहा कि उन्हें यह जानकर बहुत दुख हुआ कि प्रधानमंत्री की रैली में अपेक्षित संख्या में लोग नहीं आए, जो साबित करता है कि अब लोग उनका भाषण सुनने में रुचि नहीं रखते। राउत ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की जनता अब प्रधानमंत्री मोदी से ऊब चुकी है।

राउत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी बैठे थे, लेकिन रैली में उनकी मौजूदगी के बावजूद कोई नहीं आया, यह साफ करता है कि अब लोग शिंदे को भी सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। राउत ने भाजपा पर आरोप लगाकर कहा कि बीजेपी पार्टी ने मुंबई को लूटा है, और इसकारण लोगों में भाजपा और मोदी के प्रति नाराजगी है। उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनाव में साफ होगा कि महाराष्ट्र में किस पार्टी का दबदबा रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर भी राउत ने निशाना साधा, बयान में पीएम मोदी ने उद्धव ठाकरे की पार्टी को कांग्रेस के रिमोट कंट्रोल वाली पार्टी बताया था। राउत ने पलटवार कर कहा कि शिवसेना को तोड़कर जो नई शिवसेना बनाई गई है, उसका रिमोट कंट्रोल भाजपा के पास है। उन्होंने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) का रिमोट कंट्रोल कभी भी भाजपा को नहीं दिया जाएगा, और इससे प्रधानमंत्री मोदी नाराज हैं। इसके अलावा, राउत ने मुख्यमंत्री शिंदे पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने दावा किया कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को हार का सामना करना पड़ेगा, और महाविकास अघाड़ी की सरकार राज्य में बनेगी। राउत ने कहा कि शिंदे न मुख्यमंत्री बनने वाले हैं, न ही नेता प्रतिपक्ष।

**सीएम शिंदे ने पूर्व की एमवीए सरकार पर लगाया आरोप**

# उद्धव ठाकरे ने बालासाहेब की विचारधारा से विश्वासघात किया, 2019 में मिले जनादेश का अपमान किया



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली पिछली महाविकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सीएम शिंदे ने आरोप लगाया कि उद्धव सरकार ने राज्य की प्रमुख परियोजनाओं को रोक दिया था, इसमें अटल सेतु, कोस्टल रोड, मेट्रो, और नागपुर-मुंबई एक्सप्रेसवे जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल थीं। शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार ने इन परियोजनाओं में आई बाधाओं को दूर कर राज्य में विकास की गति को फिर से शुरू किया।

शिंदे ने उद्धव पर हिंदु नेता बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा से विश्वासघात करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा, उद्धव ने बालासाहेब की विचारधारा को छोड़ कर भाजपा से विश्वासघात किया। जो जनादेश शिवसेना-भाजपा गठबंधन को मिला था, उस जनादेशा का उद्धव ठाकरे ने अपमान किया। मराठा आरक्षण के मुद्दे पर शिंदे ने अपनी महायुति सरकार का बचाव करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया, जो पूर्व में नहीं मिला था। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने मराठा समुदाय का इस्तेमाल किया, लेकिन उनके वास्तविक अधिकारों का हनन किया गया। शिंदे ने कहा, हमारी महायुति सरकार ने मराठा समुदाय को वहां दिया, जो पहले दिया जाना चाहिए था और इस हाई कोर्ट में भी चुनौती दी है।


मुख्यमंत्री शिंदे ने अपनी सरकार पर राज्य एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों का जवाब देकर कहा कि पूर्व एमवीए सरकार ने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा, जब लोग हनुमान चालीसा का पाठ करते थे, तब उन्हें गिरफ्तार किया जाता था। इसमें महिलाएं और पत्रकार भी शामिल थे। क्या हमने किसी को गलत तरीके से जेल में डाला है? शिंदे ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार ने किसी भी विरोधी को राजनीतिक कारणों से गिरफ्तार नहीं किया है और न ही किसी प्रकार की बदले की राजनीति की है।

## यूपी लोक सेवा आयोग ने मांगी मांग... फिर भी आंदोलन क्यों कर रहे छात्र

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्तक्षेप के बाद, यूपी लोक सेवा आयोग ने पीसीएस 2024 की प्रारंभिक परीक्षा को एक दिन और एक शिफ्ट में करने का फैसला किया है, इससे अभ्यर्थियों की मांग मान ली गई है। लोकसेवा आयोग ने साफ किया कि अब पीसीएस भर्ती परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन लागू नहीं होगा। हालांकि, समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी 2023 की प्रारंभिक परीक्षा को स्थगित किया गया है। इसके अलावा, आयोग ने परीक्षा पैटर्न तय करने के लिए एक समिति गठित की है।

इस फैसले के बावजूद, प्रतियोगी छात्रों का विरोध शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी है। छात्रों का कहना है कि आयोग ने एक भर्ती परीक्षा की मांग पूरी की है, जबकि दूसरी की मांग अभी अधूरी है। आंदोलन कर रहे छात्रों ने कहा कि जब तक दोनों भर्ती परीक्षाओं के लिए उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होती और आयोग द्वारा आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया जाता, वे अपना विरोध जारी रखने वाले है। प्रतियोगी छात्रों ने 4 दिनों से अधिक समय से यूपी लोक सेवा आयोग की दो बड़ी भर्तियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। छात्र-छात्राएं पोस्टर-बैनर के साथ, बोतलें, थालियां और ड्रम पीटते हुए लगातार नारेबाजी कर रहे हैं। उनकी मुख्य मांग यह है कि परीक्षा एक दिन और एक शिफ्ट में आयोजित की जाए और नॉर्मलाइजेशन का फार्मूला लागू न किया जाए।

# सुनील जाखड़ ने आखिरकार बता दिया क्यों दिया पंजाब प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने हाल ही में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के अपने फैसले की वजह साफ कर दी है। उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) सरकारों पर राज्य के मुद्दों को हल करने में नाकाम रहने का आरोप लगाकर कहा कि बीजेपी पंजाब को बर्बाद नहीं होने देगी।

जाखड़ ने खुलासा किया कि उन्होंने आम चुनावों में पार्टी की हार की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली और इस कारण प्रदेश अध्यक्ष का पद छोड़ा। जाखड़ ने कहा कि हालांकि बीजेपी को पंजाब में 18.3 प्रतिशत वोट शेयर मिला, लेकिन पार्टी एक भी सीट जीतने में नाकाम रही। यह स्थिति उन्हें व्यक्तिगत रूप से दुखी कर रही थी और इसलिए उन्होंने पद से इस्तीफा दिया।


उन्होंने स्पष्ट किया कि वे कांग्रेस में कभी लौटने का विचार नहीं रखते। जाखड़ ने कांग्रेस पार्टी पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि राहुल गांधी पार्टी पर कोई नियंत्रण नहीं रखते क्योंकि कांग्रेस कई गुटों में बंट चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब के कई प्रमुख कांग्रेस नेता, जैसे चरणजीत चन्नी और अंबिका सोनी, पार्टी में गहरे मतभेदों का कारण बने हुए है। जाखड़ ने कहा कि उन्हें गहरा आघात तब हुआ जब उन्हें यह बताया गया कि वह मुख्यमंत्री नहीं बन सकते क्योंकि वे हिंदू हैं, और इसके बाद उन्हें पार्टी से बिना नोटिस के हटा दिया गया।

जाखड़ ने कहा, 50 साल बाद अगर हाई कमांड मुझसे फोन पर भी बात नहीं कर सकता, तब कम से कम यह पूछे कि क्या हो रहा है? इसी कारण उन्होंने पंजाब को पहचान की राजनीति से बचाने के उद्देश्य से बीजेपी में शामिल हुए। हालांकि, जाखड़ ने स्वीकार किया कि बीजेपी में उनकी कोशिशें पूरी तरह से सफल नहीं हुई।

जाखड़ ने माना कि बीजेपी शायद पंजाब की राजनीतिक संवेदनाओं को पूरी तरह से समझ नहीं पाई। उन्होंने कहा कि पंजाब की एक अलग मानसिकता और पहचान है, इस मानसिकता को समझना जरूरी था। जाखड़ ने पंजाब की विशेष सांस्कृतिक और सामाजिक धारा की ओर इशारा करते हुए बताया कि पंजाबी जनता की सोच अलग होती है और इसका चुनावी परिणामों पर गहरा असर पड़ा। जाखड़ का इस्तीफा और उनकी टिप्पणी दिखाती हैं कि पंजाब में बीजेपी के लिए स्थिति चुनौतीपूर्ण है। पार्टी को राज्य के विशेष राजनीतिक, सांस्कृतिक और पहचान से जुड़ी संवेदनाओं को समझने की जरूरत है, साथ ही कांग्रेस और आप सरकारों की नीतियों से निपटने के लिए एक स्पष्ट रणनीति बनाने की आवश्यकता है।

## भाजपा सांसद की दावत में बकरे की बोटी को लेकर हंगामा

**--व्यवस्था थी 200 की और पहुंच गए हजार**



**मिर्जापुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में भारतीय जनता पार्टी के सांसद विनोद बिंद के कार्यालय पर आयोजित मीट पार्टी में बकरे की बोटी की कमी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। मारपीट भी हुई और लोग घायल भी हुए, जिसे लेकर अब राजनीतिक हल्कों में इसकी चर्चा आम हो गई है।

जानकारी अनुसार मझवां के पूर्व विधायक और भदोही के मौजूदा सांसद विनोद बिंद ने अपने कार्यालय पर एक पार्टी का आयोजन किया था। इस पार्टी में महज 200 लोगों के भोजन का इंतजाम किया गया था, लेकिन करीब एक हजार लोग यहां पहुंच गए। इसके चलते बकरे की बोटी की कमी हो गई। इस पर आयोजकों ने ग्रेवी (मीट रस) परोसनी शुरू कर दी, जो कुछ लोगों को पसंद नहीं आई और इस पर हंगामा मच गया।

बताया जाता है कि हंगामे की शुरुआत एक युवक ने की, जिसे बोटी की जगह ग्रेवी दी गई थी। इस पर जब उसने आपत्ति जताई, तो भोजन परोस रहे युवक ने उसे तमीज से बात करने को कहा। गुस्साए युवक ने उसे थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। मारपीट के दौरान मौके पर रखे बर्तन और बाल्टियों का भी इस्तेमाल किया गया, जिससे कई लोग घायल हो गए। कुछ लोगों के सिर फटने और हाथ पर गहरी चोट लगने की खबर है। इस दौरान, भोजन कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई।

घटना को लेकर सांसद विनोद बिंद के प्रतिनिधि उमा बिंद ने कहा कि यह सब विपक्ष की साजिश का हिस्सा था। उन्होंने आरोप लगाया कि कई ऐसे लोग, जिन्हें न्यौता नहीं दिया गया था, शराब पीकर कार्यक्रम में पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। बहरहाल पार्टी में बोटी प्रकरण की चर्चा अब राजनीतिक गलियारे से सोशल मीडिया पर जमकर हो रही है।

# देश के कई राज्यों में ठंड ने दी दस्तक, दिल्ली-यूपी में कोहरे के साथ प्रदूषण भी बढ़ा

**–मौसम विभाग ने पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी का जारी किया अलर्ट**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में अब धीरे-धीरे ठंड का असर बढ़ने लगा है और ठंड ने कई राज्यों में दस्तक दे दी है। उत्तर भारत में सुबह और शाम को घना कोहरा छाने लगा है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हो गई है। ठंडी हवाओं और कोहरे के चलते सर्दी बढ़ गई है और लोग स्वेटर और जाकेट पहने नजर आने लगे हैं। इसके साथ ही दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण भी गंभीर स्तर पर पहुंच गया है।

दिल्ली में पिछले दो-तीन दिनों से घना कोहरा देखने को मिला। शुक्रवार सुबह कोहरे का असर दिखा। आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी किया है और कहा कि सुबह के समय कुछ स्थानों पर घना कोहरा रहेगा। इसके बाद हवाओं की गति बढ़ेगी, जो दोपहर में 12 किमी प्रति घंटे तक पहुंच जाएगी। दिल्ली का तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया है।

उत्तराखंड में पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। बर्फबारी से ठंड बढ़ेगी और दिन में गर्मी से राहत मिलेगी। उत्तराखंड में 16 नवंबर तक मौसम शुष्क रहेगा लेकिन 17 नवंबर से बारिश और बर्फबारी हो सकती है। प्रदूषण का असर भी पहाड़ी इलाकों में देखा जा रहा है, जहां एक्यूआई 250 तक पहुंच गया है।

वहीं यूपी के कई जिलों में ठंड महसूस होने लगी है। सुबह-शाम घना कोहरा और ठंडी हवाएं चल रही हैं। आईएमडी ने यूपी के कई जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, देवरिया, गोरखपुर, और कई अन्य जिलों में घना कोहरा छाने की संभावना है। इसके अलावा, यूपी के कुछ हिस्सों में प्रदूषण 400 तक पहुंच गया है, जिससे हवा जहरीली हो गई है।

अगर बिहार की बात करें तो यहां भी ठंड का असर बढ़ने वाला है। मौसम विभाग ने बिहार के कई इलाकों में कोहरे की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण पहाड़ी इलाकों और मैदानी क्षेत्रों में मौसम बदलने की संभावना है, जिससे पारा गिरने की उम्मीद है। बर्फबारी से बिहार में सर्दी का असर और बढ़ेगा।

उत्तर भारत के कई हिस्सों में ठंड और कोहरे के कारण दिनचर्या प्रभावित हो रही है। प्रदूषण का स्तर भी बढ़ रहा है, खासकर दिल्ली और उत्तरप्रदेश में। लोगों को सतर्क रहने और वायु प्रदूषण से बचने के लिए सलाह दी गई है।





# अब ज्यादा फिल्में करने का लिया है फैसला : आमिर

**नई दिल्ली।** हाल ही में अभिनेता आमिर खान ने अपने आने वाले दस साल के प्लान के बारे में बताया है। एक इंटरव्यू में आमिर ने कहा, 'मैंने अपनी जिंदगी में कभी भी एक साथ छह फिल्में नहीं की हैं। इस बार, मेरे पास इसके लिए अपनी वजह थी।' उन्होंने कहा, 'जब मैंने आखिरकार तय किया कि, 'ठीक है, मैं अभी फिल्में नहीं छोड़ूंगा', तो मेरे दिमाग में अगला विचार आया कि शायद ये मेरे कामकाजी जीवन के आखिरी 10 साल हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'आप जीवन पर भरोसा नहीं कर सकते, हम कल मर सकते हैं। इसलिए, मैं कह रहा हूं कि मेरे पास जीवन के लगभग 10 साल हैं। 'मैं 59 साल का हूं। जब तक मैं 70 साल का हो जाऊंगा, तब तक मैं उम्मीद करता हूं कि मैं अपना काम से लोगों को कुछ न कुछ देता रहूंगा।

## लाइफ Style

# श्रद्धा

## तुरंत कर दी 'नागिन' के लिए हां

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने स्त्री बनकर बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया। अब श्रद्धा कपूर के फैंस के लिए एक खुशखबरी आई है। उनकी आनेवाली फिल्म को लेकर अपडेट आया है। श्रद्धा कपूर अब नागिन बन दर्शकों के दिलों पर राज करेंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म को लेकर अपडेट फिल्म के प्रोड्यूसर निखिल द्विवेदी ने दी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार हो चुकी है। निखिल द्विवेदी ने कहा कि जब श्रद्धा कपूर को ये फिल्म ऑफर हुई तो उन्होंने तुरंत हां कर दी। वो सबसे पहले इस फिल्म का हिस्सा बनी थीं। निखिल ने बताया कि वो श्रद्धा के पास फिल्म के आइडिया के साथ पहुंचे थे, और वो इस आइडिया पर मान गईं। उन्हें फिल्म के शूट शुरू होने का इंतजार है। 'हम बस सोच रहे हैं कि फिल्म को फ्लोर पर किस तरह लाया जाता है, अगले साल तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है।' निखिल ने कहा, 'पहली बात तो ये पूरी तरह से नया सब्जेक्ट है। इसका कोई भी कनेक्शन पहले बनी फिल्मों से नहीं है।

फिल्म बनाने का कारण यह है कि भारतीय लोककथाएं विचारों से भरी हुई हैं। हम बहुत उत्साहित हो जाते हैं जब कोई मकड़ी एक आदमी को काटती है, और वो स्पाइडमैन बन जाता है। लेकिन, जब कोई महिला सांप बन जाती है तो हम उसे बहुत हेय नजर से देखते हैं। हमें एक मौका दें, और हम लोगों की ये सोच बदल देंगे।' निखिल ने कहा कि आप एक अलग और सुपरनैचुरल फिल्म देखेंगे।



## हॉलीवुड मसाला




# टॉम्ब रेडर सीरीज के लिए दिया ऑडिशन

लॉस एंजिल्स। लोकप्रिय वीडियो गेम फ्रैंचाइज पर आधारित टॉम्ब रेडर सीरीज एमी विजेता फ्लीबैग निर्माता फोबे वालर-ब्रिज द्वारा बनाई जाएगी। इस सीरीज के लिए अब लारा क्रॉफ्ट की भूमिका के लिए सोफी टर्नर से बातचीत हो रही है। गेम ऑफ थ्रोन्स में सैंसा स्टार्क की भूमिका के लिए मशहूर सोफी टर्नर कथित तौर पर प्राइम वीडियो के लिए आने वाली टॉम्ब रेडर सीरीज में हॉलीवुड स्टार लारा क्रॉफ्ट की प्रतिष्ठित भूमिका निभा सकती हैं। यह सीरीज लोकप्रिय टॉम्ब रेडर वीडियो गेम प्रैंचाइजी पर आधारित है, जिसे पहले एंजेलीना जोली और एलिसिया विकेंडर ने निभाया था।



# सुपरहीरो डैड बनना चाहते हैं क्रिस इवांस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार क्रिस इवांस मार्वल्स एवेंजर्स में कैप्टन अमेरिका के किरदार के लिए प्रसिद्ध हैं। लेकिन, अब क्रिस एक सुपरहीरो पिता बनना चाहते हैं। फिल्म रेड वन के प्रमोशन के दौरान क्रिस ने कहा, 'पिता बनना काफी रोमांचक होगा।' एवेंजर्स अभिनेता ने सितंबर 2023 में पत्नी अल्बा बैप्टिस्टा के साथ शादी की थी और अपनी शादी के छह महीने बाद 2024 वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में एक जोड़े के रूप में रेड कार्पेट जलवा बिखेरा था'। कैप्टन अमेरिका अभिनेता ने अपने सह-कलाकार ड्वेन जॉनसन के साथ अपनी आगामी फिल्म रेड वन का प्रमोशन किया और जब उनसे पूछा गया कि क्या वह जॉनसन की तरह पिता की भूमिका निभाना चाहेंगे, जो तीन बेटियों के पिता हैं, तो इवांस ने कहा 'हां, मुझे उम्मीद है।



# ऋद्धिमा ने ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**मुंबई।** रिद्धिमा कपूर साहनी फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स सीजन 3 में अपने ऑनस्क्रीन डेब्यू के बाद से ही सुर्खियों में हैं। शो में उनका व्यवहार लोगों को काफी पसंद आया। हाल ही में, उन्होंने अपने परिवार, भाई रणबीर और विशेष रूप से भाभी आलिया भट्ट की लगातार और अनावश्यक ट्रोलिंग के बारे में खुलकर बात की। शो से मिली सराहना के बारे में रिद्धिमा कपूर साहनी ने एक साक्षात्कार में शोबिज के अंधेरे पक्ष और ट्रोलिंग पर चर्चा की। उन्होंने कहा, 'लोग हमेशा कुछ न कुछ कहने के लिए ढूंढ लेते हैं। लोग मानते हैं कि यह सब विशेषाधिकार के बारे में है, लेकिन वे यह नहीं देखते कि हम क्या करते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में कनेक्शन रखने वाले लोगों को 'विशेषाधिकार प्राप्त' होने के नाम पर ट्रोल किया जाता है, इसलिए रिद्धिमा ने उन्हें समझाया कि विशेषाधिकार प्राप्त होने का मतलब है एक प्यार भरा परिवार होना और संतुष्ट महसूस करना।



# हॉलीवुड म्यूजिक इन मीडिया अवार्ड में नामांकन

**मुंबई।** पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आदु जीविथम - द गोट लाइफ' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी हिट रही। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को कहा अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इसके गानों को ए.आर. रहमान ने बनाया है। अब यह फिल्म हॉलीवुड म्यूजिक इन मीडिया अवाड्र्स 2024 के लिए आधिकारिक घोषणा की गई है। ए.आर रहमान को दो फिल्मों के लिए नामांकित किया गया है। इसमें उनके 'पेरियोन' गाने को भी शामिल किया गया है। इस गाने के बोल रफीक अहमद ने लिखे हैं। वहीं, दूसरे नामांकम में ए.आर रहमान को फिल्म 'आदु जीविथम - द गोट लाइफ' के संगीत निर्देशन के लिए नामांकित किया गया है। हॉलीवुड म्यूजिक इन मीडिया अवाड्र्स 2024 में फिल्म, गेम्स और अन्य चीजों में प्रयोग किए जाने वाले संगीत का नामांकन किया जाता है।

## टीवी मसाला




# अभिषेक को 'कौन बनेगा करोड़पति 16' में बुलाकर पछताए बिग बी

**नई दिल्ली।** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को होस्ट करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, शो के आने वाला एपिसोड काफी खास और पारिवारिक होने वाला है क्योंकि सेट पर बिग बी के लाडले अभिषेक बच्चन गेस्ट के रूप में नजर आने वाले हैं। अभिनेता अपनी फिल्म आई वांट टू टॉक का प्रचार करते नजर आएंगे, लेकिन प्रोमो की रिलीज के बाद ऐसा लग रहा है कि अभिनेता अपने फैसले पर पछता रहे हैं। हाल ही में, शो के निर्माताओं ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर प्रोमो शेयर किया। इसकी शुरुआत अभिषेक के अपने पिता के सामने हॉट सीट पर बैठने से होती है। जब भी कोई प्रतियोगी क्विज शो में पुरस्कार जीतता है। अभिषेक अमिताभ को '7 करोड़' चिल्लाने की अपनी नकल के साथ ट्रोल करते रहते हैं। उनका कहना है कि अमिताभ अपने परिवार के साथ घर पर खाना खाते समय भी '7 करोड़' चिल्लाने से खुद को रोक नहीं पाते। अमिताभ खुश होते हैं और कहते हैं, 'गलती कर दी इनको यहां बुला के।' प्रोमो में अभिषेक की आई वांट टू टॉक के निर्देशक शूजित सरकार को स्टूडियो दर्शकों के बीच हंसते हुए देखा जा सकता है।

## अभिरा से अपना बच्चा छीनेगी रूही? परिवार के सामने आएगा अरमान और रोहित का सच

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अभिरा और अरमान ने अपना बच्चा खो दिया है और रोहित ने अपना बच्चा उन्हें दे दिया। रूही कोमा में है



इसलिए वह सब कुछ से अनजान है, लेकिन जल्द ही बड़े ट्विस्ट आने वाले हैं। ये रिश्ता क्या कहलाता है के नए प्रीकैप में हम देखते हैं कि रूही (गरविता साधवानी) को होश आ जाता है। वह एक दुर्घटना का शिकार हो जाती है, जब वह अपने बच्चे का लिंग जानने के लिए एक बाबा के पास जाती है। उसे तत्काल ऑपरेशन करवाना पड़ा और रूही और रोहित (रोमित राज) को एक बेटा पैदा होता है। उसी समय, अभिरा (समृद्धि शुक्ला) गर्भावस्था के सात महीने में प्रसव पीड़ा में चली गई। हालांकि, डॉक्टर उसके बच्चे को नहीं बचा सके। रूही कोमा में चली गई और रोहित ने अपने बच्चे को अरमान (रोहित पुरोहित) और अभिरा को देने का फैसला किया, यह जानते हुए कि उसके भैया और भाभी को फिर से माता-पिता बनने का मौका नहीं मिलेगा।

# 'शॉर्ट पहनने की बात पर भड़कीं'



**मुंबई।** अभिनेत्री नीना गुप्ता अपने बोल्ड अंदाज और तीखे जवाबों के लिए जानी जाती हैं। नीना गुप्ता ने अब एक और तीखा जवाब दिया है। उन्होंने अपने शॉर्ट पहनने की बात पर करीना कपूर को जवाब दिया। अभिनेत्री नीना गुप्ता ने करीना कपूर के साथ किए एक शो के प्रोमो में अपने शॉर्ट्स पहनने की बात को लेकर चर्चा हुई। करीना कपूर ने सवाल किया, बहुत सारे लोगों ने कहा नीना गुप्ता इस उम्र में शॉर्ट्स क्यों पहनती हैं। करीना की इस बात पर नीना गुप्ता ने जवाब दिया, तुम्हारे बाप के पैसे ले के तो नहीं पहनती न। नीना गुप्ता ने कहा, एन्टोरेज संस्कृति पर अपने विचार भी साझा किए। उन्होंने कहा कि अगर निर्माता इसके लिए भुगतान करने को तैयार है तो ये ठीक है। बड़े स्टार का एन्टोरेज तो बड़ा होगा ही। जब निर्माता देता है तो ठीक है। जिन्हें नहीं पता उन्हें बता दें, एन्टोरेज संस्कृति एक ऐसी प्रथा है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता और अभिनेत्रियां अपने साथ कई लोगों को साथ ले आते हैं। इस संस्कृति की कई लोगों ने आलोचना भी की है।

# 'एनबीके 109' का टाइटल टीजर जारी



मुंबई। नंदमुरी बालकृष्ण की नई फिल्म 'एनबीके 109' के निर्माताओं ने शुक्रवार, 15 नवंबर को फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया। फिल्म के पहले लुक वीडियो में नंदमुरी बालकृष्ण को एक डाकू के अवतार में दिखाया गया है और इसलिए इसका शीर्षक डाकू महाराज रखा गया है। अगले साल संक्रांति पर बड़ी रिलीज के रूप में आने वाली यह फिल्म एक ऐसे राजा की कहानी है, जिसने बिना किसी राज्य के लड़ाई लड़ी। यह एक ऐसे व्यक्ति की भी कहानी है, जिसे मृत्यु को भी हिला देने वाले सम्राट के रूप में सम्मानित किया गया। फिल्म का निर्माण करने वाली आधिकारिक प्रोडक्शन कंपनी सीथारा एंटरटेनमेंट्स ने ट्विटर पर फर्स्ट लुक वीडियो साझा किया और नंदामुरी बालकृष्ण को डाकू महाराज के रूप में पेश किया। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में रवि किशन और बॉबी देओल बतौर खलनायक नजर आएंगे, जिसकी झलक टीजर में भी देखने को मिली।

# क्रिसमस पर रिलीज होगी 'बेबी जॉन'

**नई दिल्ली।** वरुण धवन 'सिटाडेल हनी बनी' की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। अब वे अपनी अगली फिल्म बेबी जॉन की तैयारी में जुटे हैं। यह फिल्म इस साल क्रिसमस पर रिलीज हो रही है। अब रिलीज से पहले वरुण ने एक वीडियो शेयर किया



है, जिसे देखकर सभी प्रशंसक हैरान रह गए हैं। वे अभिनेता के इस अवतार की तारीफ कर रहे हैं। वीडियो साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरा जैसे बहुत आए होंगे, लेकिन मैं पहली बार आया हूं। बेबी जॉन का दौर शुरू। इस वीडियो पर फैंस अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। प्रशंसक वरुण के पहले कभी न देखे गए अवतार को देखकर खुश हो रहे हैं। वे उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। और आज अभिनेता ने अपना आभार व्यक्त किया और सभी को धन्यवाद कहा। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वरुण धवन ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने एक नया पोस्टर जारी किया और लिखा, 'बेबी, द लीजेंड अब शुरू होता है। प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद। बेबी जॉन एटली की 2016 की तमिल फिल्म थेरी का रीमेक है। फिल्म में सलमान खान का कैमियो भी होगा।

# अक्खड़ सिंगर, जिसकी अकड़ के आगे मामूली थे राज कुमार-राजेश खन्ना की शेखी

ये बॉलीवुड का वो नायाब सितारा है, जिन्होंने न सिर्फ हिट फिल्में दी बल्कि एक से बढ़कर एक सदाबहार गानें भी गाए। अब तो आपने अंदाजा लगा लिया होगा कि किसकी बात हो रही हैं। राज कुमार, राजेश खन्ना और फिरोज खान के घमंड के बारे में आपने बहुत सारे किस्से और कहानियां पढ़ी और सुनी होंगी। ये तीनों सितारे अपने समय के सुपरस्टार रहे हैं। तीनों ही शानदार एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करते थे।

## बातें सुन सकपका जाते थे फिल्म मेकर्स



**मुंबई।** आज हम आपको बॉलीवुड के उस सिंगर के बारे में बताएंगे, जिसकी बॉलीवुड में अपने 'विनोदी' स्वभाव के लिए काफी बदनाम था। इसके साथ ही वह अपने स्टारडम के आगे किसी को कुछ नहीं समझता था। यहां हम जिस महान शख्सियत के बारे में बात कर रहे हैं वो बॉलीवुड के अलबेले और सहाबहार सिंगर होने के साथ-साथ एक्टर भी रहे। वो हरफनमौला कलाकार अब शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी बेहतरीन आवाज और शानदार कलाकारी ने उन्हें आज भी फैंस के जहन में जिंदा रखा है। राज कुमार, राजेश खन्ना से लेकर फिरोज खान तक के अक्खड़ अंदाज के आपने कई किस्से कहानियां सुनी होंगी। लेकिन, क्या ये जानते थे बॉलीवुड के अक्खड़ सिंगर किशोर कुमार हुआ करते थे। उनके गाने और एक्टिंग के जितने किस्से फेमस हैं। उतने ही उनके मनमौजी व्यक्तित्व के भी किस्से हैं। वह काफी अडियल और मनमौजी सिंगर में एक थे। वह कोई भी काम किसी दबाव में आकर नहीं करते थे।

## संगीत की नहीं ली थी विधिवत ट्रेनिंग

संगीत की विधिवत ट्रेनिंग लिए बिना भी किशोर कुमार ने अपनी आवाज का जादू बिखेरकर लोगों को इससे जोड़ा। जहां इस बात ने उन्हें सबसे अलग बनाया। वहीं, वह अपने अकड़ में आकर अपने साथ काम करने वालों की कभी-कभी बेहद अपमानित कर देते थे। ऐसा ही एक किस्सा ऋषिकेश मुखर्जी संग जुड़ा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक बार की बात है। एक प्रोजेक्ट के सिलसिले में जाने-माने निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी किशोर कुमार से मिलने उनके घर गए थे, लेकिन उनके वाचमैन ने उन्हें घर में घुसने से रोक दिया था और बेइज्जत करके भगा दिया था।

## घर के बाहर लगवा रखा था 'सावधान' का बोर्ड

किशोर कुमार अपने घर के बाहर 'किशोर कुमार से सावधान' का बोर्ड लगवा कर रखा था। एक बार प्रोड्यूसर-डायरेक्टर एचएस रवैल उन्हें पैसे चुकाने घर गए। पैसे देने के बाद जब वह किशोर कुमार से हाथ मिलाने लगे तो उन्होंने रवैल का हाथ मुंह में डाला और काटने लगे, यह देखकर रवैल सकपका गए तो किशोर बोले-क्या आपने साइनबोर्ड नहीं देखा?

## कोर्ट की मदद मांगी थी डायरेक्टर ने

कहा तो ये भी जाता है कि किशोर कुमार मनमौजी और अडियल स्वभाव की वजह से परेशान एक डायरेक्टर ने कोर्ट की मदद मांगी थी। उसने बाकायदा कोर्ट से एक एग्रीमेंट लिया, ताकि अगर शूटिंग के दौरान किशोर उनकी बात न मानें तो वह उनपर केस कर सके। ऐसा ही एक किस्सा मशहूर फिल्मकार बलदेव राज चोपड़ा के साथ ही जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि पारिवारिक रिश्ते के चलते किशोर चोपड़ा के पास काम मांगने गए तो उन्होंने कुछ शर्तें रख दी। इसका बदला उन्होंने डायरेक्टर से बखूबी लिया था।

हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र

NAMASTE RAJASTHAN

# नमस्ते राजस्थान

खबरों की सत्यता, निष्पक्षता, पारदर्शिता

E-MAIL
namasterajasthan11@gmail.com
nrnews100@gmail.com

राजस्थान

08

भीलवाड़ा

शनिवार,16,नवम्बर, 2024


संपादकीय

खबरों की दुनिया

16 नवम्बर प्रेस राष्ट्रीय दिवस

## प्रिन्ट मीडिया को निगल रहा इलेक्ट्रोनिक मीडिया



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

**लोकतन्त्र** के चौथे स्तंभ प्रेस की आजादी के 77 वर्ष बाद स्थितियां पूरी तरह बदल गई है। एक जमाना था जब आजादी की लड़ाई से लेकर उसके बाद की स्थितियों को समाचार पत्रों ने नया मार्ग दिखाया था। प्रिन्ट मीडिया की विश्वसनीयता सबसे ऊपर थी। लोग वर्षों तक अखबारों में छपी खबरों को प्रमाण के तौर पर अपनी फाइल में लगा कर रखते थे लेकिन आज स्थितियां बदली हुई है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया प्रिन्ट मीडिया को निगल रहा है। लोगों को खबरों के साथ-साथ अपनी बोलती हुई फोटो भी चाहिए। कोई भी व्यक्ति हाथ में कैमरा लेकर बड़े से बड़े नेता या अफसर को बाइट लेने के लिये रोक लेता है बिना बाइट लिये उसको जाने नहीं दिया जाता है। बाइट देने वाला भी इसे अपना अहोभाग्य समझता है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने प्रिन्ट मीडिया को पूरी तरह निगल लिया है। प्रिन्ट मीडिया की विश्वसनीयता इलेक्ट्रोनिक मीडिया से अधिक है ।



प्रेस काउंसिल 2022-24

### बनावटी व मिलावटी खबरों पर तत्काल रोक लगे

जब से पैड न्यूज का जमाना आया है तब से प्रायोजित खबरों का चलन बढ़ता जा रहा है। आजकल विभिन्न राजनीतिक पार्टियां या उद्योगपति प्रायोजित खबरें छपवाने में अधिक विश्वास करते हैं। ये खबरें सच्चाई से कोसों दूर होती है। कही का रोड़ा कहीं का पत्थर जोड़कर समाचार बनाकर प्रसारित कर देते हैं। लोग ऐसी बनावटी एवं प्रायोजित खबरों पर विश्वास कर लेते हैं। कई बार तो ऐसी खबरों से विभिन्न वर्गों में संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। किसी छोटी सी घटना को बढ़ा चढ़ाकर कृत्रिम फोटो दिखा कर समाज में संघर्ष की स्थितियों बन जाती है। इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर नियंत्रण जरूरी है जो प्रेस काउंसिल जैसी संवैधानिक संस्था ही लगा सकती है। प्रेस काउंसिल के दायरे में केवल प्रिन्ट मीडिया आता है फिलहाल इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर नियन्त्रण के लिए कोई संस्था नहीं है।

### कृत्रिम या प्रायोजित खबरें प्रकाशित करने पर कठोर दण्ड मिले

समय बदल रहा है, परिस्थितियां बदल रही है, राजनीतिक परिदृश्य भी बदलता जा रहा है लोकतन्त्र का चौथा स्तंभ भी व्यवसायिकता की दौड़ में सबसे आगे चल रहा है। व्यवसायिकता के कारण भले बुरे का आभास नहीं होता है। कई एजेन्सियां खुल गई है जो प्रायोजित या बनावटी खबरें बनाने का काम धड़ल्ले से कर रही है। ऐसी एजेन्सियों पर रोक लगाने का काम सरकार या प्रेस काउन्सिल जैसी कोई संस्था ही कर सकती है। वर्षों पुरानी फोटो को नई फोटो में लगा कर नया समाचार बनाने का चलन चल रहा है। प्रायोजित या झूठी खबरे छापने या प्रसारित करने से दिनोंदिन पत्रकारों पर हमले हो रहे हैं। सरकारें भी उन्हें प्रताड़ित कर रही है। ऐसी स्थिति में प्रेस एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया की विश्वसनियता खतरे में है।

### प्रेस व इलेक्ट्रोनिक मीडिया स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष होना जरूरी

आज के युग में भारत में प्रेस व इलेक्ट्रोनिक मीडिया की विश्वसनियता खतरे में हैं। दिनोंदिन प्रतिस्पर्धा या व्यवसायिकता के कारण ये एक पक्षीय होता जा रहा है जिससे इसकी विश्वसनियता खतरे में पड़ रही है। गांव ढाणी में बैठा पाठक या दर्शक इनके द्वारा प्रकाशित या दिखाई गयी खबरों को सच्ची मानकर अपनी प्रतिक्रिया देता है। आज प्रेस डे के उपलक्ष्य में हमें प्रेस एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया की निष्पक्षता एवं सत्यता की परीक्षा लेनी चाहिए। प्रायोजित या कृत्रिम खबरे प्रकाशित करने पर कठोर से कठोर दण्ड की व्यवस्था होनी चाहिए। यदि लोकतन्त्र का चौथ स्तंभ भी भ्रष्ट हो गया तो सोचो हमारे लोकतन्त्र का क्या होगा? जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है। लोकतन्त्र को बचाना है तो मीडिया को निष्पक्ष एवं सत्यता से पूर्ण होना होगा। बनावटी खबरों का बहिष्कार करना होगा।

## झारखंड में मोदी के प्लेन में तकनीकी खराबी, ढाई घंटे विमान में ही रहे

**देवघर (एजेंसी)।** झारखंड के देवघर में शुक्रवार को पीएम मोदी के प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई। वे दोपहर 2.20 बजे विमान में सवार हो गए थे, लेकिन वह उड़ान नहीं भर पाया।

इसके बाद दिल्ली से उनके लिए स्पेशल प्लेन भेजा गया। इसके बाद शाम 4.55 बजे दिल्ली रवाना हो गए। सूत्रों के मुताबिक, एसपीजी ने उन्हें एयरपोर्ट के लॉन्ज तक जाने की परमिशन नहीं दी। मोदी सुबह प्लेन से देवघर आए थे। यहां से वे बिहार के जमुई जनजातीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गए। वापसी में उन्हें देवघर से ही दिल्ली जाना था, लेकिन प्लेन में खराबी आ गई थी।

## चैंपियंस ट्रॉफी का टूर पीओके में नहीं होगा

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बीसीसीआई की आपत्ति के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को चैंपियंस ट्रॉफी का टूर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कराने से मना कर दिया है। आईसीसी की एक अधिकारी ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी टूर का प्लान आईसीसी ही जारी करता है। ऐसे में ट्रॉफी के टूर को लेकर किसी चीज को इनकार और स्वीकार करने का कोई सवाल ही नहीं उठता। अभी हम ट्रॉफी के टूर के शेड्यूल को लेकर बातचीत कर रहे हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पीसीबी के चैंपियंस ट्रॉफी का टूर पीओके में कराने की घोषणा की आपत्ति जताई है। शाह ने इस मामले को आईसीसी के सामने उठाया है।

जनजातीय गौरव दिवस पर आदिवासी समाज के योगदान पर बोले प्रधानमंत्री-

# 'जिन्हें कोई नहीं पूछता, उसे मोदी पूजता हैं'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 नवंबर के बाद 15 नवंबर को फिर से बिहार को कई सौगात दी। उन्होंने बिहार के जमुई जिले पहुंचे और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 6640 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने यहां अपने भाषण की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे के नारे के साथ किया। आपको पता हो कि उलगुलान आंदोलन को नेतृत्व देने वाले बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर पीएम नरेंद्र मोदी ने इस 150 रुपये के स्मारक सिक्के और 5 रुपये का स्मारक डाक टिकट का भी विमोचन किया। बीते बुधवार को नरेंद्र मोदी ने दरभंगा में एम्स का शिलान्यास किया था।



### जिन्हें कोई नहीं पूछता, उसे मोदी पूजता है

पीएम मोदी ने भाषण में कहा कि आज हमारे बीच बिरसा मुंडा जी और सिद्दो कान्हू जी के वंशज भी मौजूद हैं और यह हमारे लिए सम्मान की बात है। पीएम मोदी ने आज के दिन की महत्ता बताते हुए कहा कि आज कार्तिक पूर्णिमा है। देव दीपावली है। गुरुनानक जयंती है और आज ही भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है। उन्होंने इस अवसर देशवासियों को बधायां दी। पीएम ने कहा जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उसे मोदी पूजता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कई योजनाएं चला रही हैं जिसका उन्हें फायदा मिल रहा है।

### ग्राम उत्कर्ष योजना से आदिवासी समाज के पलायन रूकेगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज के विकास के लिए ग्राम उत्कर्ष योजना शुरू की गयी है। इस योजना के तहत आदिवासी समाज के विकास के लिए 80 हजार करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। यह बड़ी योजना है। इस योजना के चलते आदिवासी इलाकों से पलायन भी रुकेगा।

### पिछले साल पीएम बिरसा के गांव उलिहातु गए थे

पीएम नरेंद्र मोदी ने लोगों बधाई दी और याद दिलाते हुए कहा कि वह पिछले साल आज के दिन बिरसा मुंडा के गांव उलिहातु गए थे। उन्होंने पिछले साल झारखंड राज्य की 23 वें स्थापना दिवस पर 4 अमृत स्तंभों को और मजबूत करने की बात कही। झारखंड राज्य का 24 वां स्थापना दिवस है। उन्होंने आज कहा,आज जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। आज उत्सव का माहौल है। ये गर्व की बात है। पीएम ने कहा कि आज 6 हजार करोड़ से ज्यादा लागत की कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन हुआ है। आज सड़क, स्कूल, आदिवासी संस्कृति से जुड़ी कई सेंटर सहित कई तोहफे मिले हैं।


### 'पहले की सरकारों ने आदिवासी समाज के लिए कुछ नहीं किया'

प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज के लिए देव दीपावली का मौका बेहद खास होता है। वे आज के दिन गृह प्रवेश का कार्यक्रम भी रखते हैं। उन्होंने कहा आजादी के बाद से इतने सालों में आदिवासी समाज को उनका हक नहीं मिला जिसके वो हकदार हैं। आज उन्हें वो तमाम सम्मान मिल रहे हैं जिसके वो हकदार हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार का नाम लिए बगैर आरोप लगाते हुए कहा कि आदिवासी समाज के योगदान को मिटाने की भी कोशिश की गई। यह भी कहा कि आजादी आंदोलन में सिर्फ एक ही परिवार और एक ही दल के योगदान को दिखाया और बताया गया लेकिन, आज ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा, पहले की सरकारों ने आदिवासी समाज के विकास के लिए कुछ नहीं किया था। आज आदिवासी समाज को उनके योगदान के लिए उचित सम्मान मिल रहा है। ये सिलसिला आगे भी जारी रहेगा क्योंकि आदिवासी समाज ने देश के लिए अपने जान न्योछावर किए और उन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।

## काशी की देव दिवाली
## 84 घाट 25 लाख दीयों से जगमगाए







**वाराणसी।** वाराणसी में देव दिवाली मनाई जा रही है। मां गंगा किनारे 84 घाटों और 700 मंदिरों में 25 लाख दीये जगमगा रहे हैं। गंगा उस पार और 8 घाटों पर करीब 60 मिनट तक ग्रीन पटाखों की आतिशबाजी हुई। आसमान सतरंगी नजर आया। लेजर शो ने सबका मन मोह लिया। इससे पहले 21 अर्चकों और 42 रिद्धि-सिद्धि ने मां गंगा की महाआरती की। आरती स्थल दशाश्वमेध और अस्सी घाट पर टूरिस्ट की जबरदस्त भीड़ है। देव दीपावली देखने इंडोनेशिया, वियतनाम और फ्रांस समेत 40 देशों के मेहमान आए हैं।

## थप्पड़कांड : नरेश मीणा टोंक जेल में शिफ्ट

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा



खबरों की दुनिया

**टोंक।** राजस्थान के देवली-उनियारा (टोंक) में एसडीएम के थप्पड़कांड विवाद के बाद समरावता गांव में तीसरे दिन भी तनाव जारी है। घटना के बाद जिला कलेक्टर डॉ सौम्या झा का पहला बयान सामने आया है। इधर, नरेश मीणा को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए निवाई कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का आदेश दिया। नरेश को शुक्रवार शाम कड़ी सुरक्षा के बीच टोंक जेल में शिफ्ट कर दिया।

कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने जयपुर में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म से बात की। इस दौरान ग्रामीण भी मौजूद थे। किरोड़ी ने यहां कहा- चुनिंदा लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। यह टारगेटेड था। अपराधी कोई भी हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी दल से जुड़ा हो। वह जेल की सलाखों के पीछे जाना चाहिए।

जिला कलेक्टर ने बताया- उन्होंने समरावता गांव में ग्रामीणों से कहा कि आचार संहिता के सभी मांगें पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि बुधवार को हुए विवाद से पहले उन्होंने नरेश मीणा को 6 बार कॉल किया था, लेकिन उन्होंने बात नहीं की।

जिला कलेक्टर के साथ एसपी विकास सांगवान भी मौजूद थे। दोनों अधिकारियों ने गांव का जायजा भी लिया। पुलिस ने टोंक, निवाई, देवली, उनियारा में 4 हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती की है। जयपुर में दो दिन से हड़ताल कर रहे आरएस एसोसिएशन के मेंबर्स ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद हड़ताल खत्म कर दी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर खराड़ी ने इसकी जानकारी दी।

### एसडीएम बोले-आरोप लगाना आसान, साबित करें

देवली-उनियारा विधानसभा के समरावता में हुए थप्पड़ कांड विवाद में एसडीएम अमित चौधरी का कहना है कि वह घटना के दिन अपनी ड्यूटी कर रहे थे। वह अपने आपको इस घटना का पीड़ित नहीं मानते हैं। उनकी जगह अगर कोई और एसडीएम या अधिकारी होता तो उसके साथ भी यह घटना हो सकती थी। नरेश मीणा के फर्जी वोटिंग करने के आरोपों पर अमित चौधरी ने कहा- आपराधिक घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति अपने बचाव में आरोप लगाता ही है। आरोप कोई भी लगा सकता है। अगर आरोपों में सच्चाई है तो उसे साबित करें।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने ली उच्च स्तरीय बैठक, बोले-

# युवाओं, किसानों, महिलाओं व मजदूरों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं, किसानों, महिलाओं व मजदूरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में राज्य सरकार अपनी पहली वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण के साथ ही युवाओं, किसानों, महिलाओं व श्रमिकों को विशेष सौगातें देने जा रही है। राज्य स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों एवं राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सफल आयोजन के लिए सभी विभाग तैयारियों में तेजी लाएं एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर विभिन्न विभागों के उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग तय समय पर अपने विभाग से संबंधित गतिविधियों की बिन्दुवार समीक्षा करें एवं नियमित रूप से उनकी मॉनिटरिंग करते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दें।



बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत विभिन्न विभागों एवं जिला स्तर पर आयोजित की जा रही प्री-समिट में होने वाले एमओयू को धरातल पर लागू किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रभारी सचिव अपने विभाग एवं अपने प्रभार वाले जिलों में किए गए एमओयू की मॉनिटरिंग करें। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश के युवाओं को रोजगार उत्सव के तहत करीब 30 हजार युवाओं को नियुक्तियां देने और 70 हजार से अधिक नई भर्तियों की सौगात देने जा रही है। उन्होंने संबंधित विभागों को विज्ञप्ति जारी करने संबंधी कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने इस दौरान दी जाने वाली नियुक्तियों की स्थिति को लेकर भी समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम, अटल एंटरप्रिन्योरशिप प्रोग्राम, आई-स्टार्ट के अंतर्गत लीप (लर्न एण्ड प्रोग्रेस) प्रोग्राम, टीओपी (टारगेट ओलंपिक पोडियम) योजना एवं स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम का भी शुभारंभ किया जाएगा।


स्वात्त्वाधिकारीः प्रकाशक एवं मुदकः पंकज गर्ग द्वारा नमस्ते राजस्थान 14/71, प्रेम भवन, चितौडवालो की हवेली के पास, इंद्रा मार्केट के सामने, शाम की सब्जी मंडी रोड, भोपालगंज, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001 से प्रकाशित एवं डीबी कॉर्प लि. दैनिक भास्कर प्रिंटिग प्लांट, 12 इंद्रा सर्किल, गठिलाखेडा, शारदा ड्रिम कॉलोनी के पास चितौड रोड़, भीलवाड़ा राजस्थान से मुदित। संपादकः पंकज गर्ग, कार्यालय नंबरः 01482-455184, मों. 9214417111, 8005910698, E-MAIL:namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com